मंगलवार, 25 फरवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 30 – 19 |
| आर्द्रता | 51% |
| सूर्योदयः 6:01 | सूर्यास्तः 17:38 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : बहुत समय पड़ा है, यही वहम सबसे बड़ा है..!



सोमवार को महाकुंभ में स्नानार्थियों का आंकड़ा 63 करोड़ के पार पहुंचा –पृष्ठ 7




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

### ईडी ने पोंजी पीड़ितों को 3,300 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वापस दिलाने की प्रक्रिया पूरी की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कुछ अन्य राज्यों में संचालित कथित पोंजी योजनाओं के पीड़ितों को 3,339 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस दिलाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। ईडी ने एक बयान में बताया कि यह मामला एग्री गोल्ड समूह की कंपनियों से जुड़ा हुआ है, जिस पर आरोप है कि उसने उच्च रिटर्न या आवासीय भूखंड का झांसा देकर लगभग 19 लाख ग्राहकों से रियल एस्टेट में निवेश के नाम पर कुल 32 लाख खातों में राशि जमा करायी। बयान के मुताबिक, मामले में ईडी ने 2018 में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, ओडिशा और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में दर्ज कई प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए धन शोधन संबंधी जांच शुरू की थी। बयान के अनुसार, ईडी ने पाया कि एग्री गोल्ड समूह ने रियल एस्टेट व्यवसाय की आड़ में एक फर्जी निवेश योजना चलाई, जिसके लिए 130 से अधिक कंपनियां बनाई गईं। बयान में कहा गया है, ये कंपनियां जमाकर्ताओं से 'भूखंडों के लिए अग्रिम राशि' के रूप में राशि एकत्र करती थीं, जबकि कंपनी के पास इसके अनुरूप भूमि उपलब्ध नहीं थी।

## वीआईपी संस्कृति पर सख्त मुख्यमंत्री

# वीआईपी को आम लोगों की तरह रुकना पड़ेगा सिग्नल पर : ममता



### वीआईपी गाड़ियों को विशेष सुविधा नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में वीआईपी संस्कृति के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए घोषणा की है कि अब कोई भी वीआईपी, चाहे वह मंत्री हो, अधिकारी हो या अन्य कोई बड़ा पदाधिकारी, सिग्नल पर आम लोगों की तरह ही रुकेगा। सोमवार को धनधान्य ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि मैंने कभी पुलिस को नहीं कहा कि मेरी गाड़ी के लिए ट्रैफिक रोका जाए। मुझे खुद ट्रैफिक जाम में खड़े रहना पसंद है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग ट्रैफिक सिग्नल पर अपनी व्यस्तता का दिखावा करते हैं, जो उन्हें पसंद नहीं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अगर आम जनता ट्रैफिक सिग्नल पर रुक सकती है, तो वीआईपी क्यों नहीं? मैं कोई खास व्यक्ति नहीं हूं, मैं आम लोगों की तरह चलना पसंद करती हूं। ममता बनर्जी ने बीते समय की याद दिलाते हुए कहा कि वामपंथी शासन में जब ज्योति बसु और बुद्धदेव भट्टाचार्य का काफिला गुजरता था, तो सड़कें रोक दी जाती थीं और आम जनता को इंतजार करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि अब यह सब नहीं चलेगा। किसी वीआईपी के आने-जाने के लिए आम लोगों को ट्रैफिक में फंसाकर खड़ा करना उचित नहीं है। सभी का समय महत्वपूर्ण होता है।

**प्रत्येक महत्वपूर्ण चौराहे पर निगरानी टावर बनाने की घोषणा**

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर घोषणा की कि कोलकाता और राज्य के अन्य प्रमुख चौराहों पर वॉच टावर बनाए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने सभी विधायकों और सांसदों से अपने फंड से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विधायकों और सांसदों की भी सामाजिक जिम्मेदारी होती है। मैं भी सांसद रहते हुए अपने फंड से ट्रैफिक स्टैंड, बस स्टैंड, स्कूलों के बाहर बैठने की जगह और श्मशानों के सौंदर्यीकरण के लिए धन दिया था। अब सरकार भी ऐसे कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि सड़क पार करने के दौरान दुर्घटनाएं न हों। उन्होंने डीजी राजीव कुमार और पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा को इस दिशा में विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा।

### ममता ने सरकारी डॉक्टरों के वेतन वृद्धि का किया ऐलान

पश्चिम बंगाल के सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले जूनियर डॉक्टरों के वेतन में बढ़ोतरी होगी। उक्त ऐलान सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की है। उन्होंने अलीपुर स्थित 'धनधान्य' सभागार में आयोजित डॉक्टरों के सम्मेलन में यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि इंटर्न से लेकर पोस्ट डॉक्टरेट ट्रेनी तक के वेतन में बढ़ोतरी की जाएगी। इसके तहत वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टरों का वेतन प्रति माह 15 हजार रुपये बढ़ाया जाएगा, जबकि अन्य श्रेणियों के जूनियर डॉक्टरों का वेतन 10 हजार रुपये तक बढ़ेगा। मुख्यमंत्री के अनुसार, डिप्लोमा धारक सीनियर रेजिडेंट, पोस्ट ग्रेजुएट सीनियर रेजिडेंट और पोस्ट डॉक्टरेट सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों का वेतन 15 हजार रुपये तक बढ़ाया जाएगा। वहीं, इंटर्न, हाउस स्टाफ, पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी और पोस्ट डॉक्टरेट ट्रेनी डॉक्टरों के वेतन में 10 हजार रुपये की वृद्धि की जाएगी। ममता बनर्जी ने बताया कि डिप्लोमा धारक सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों को अब 80 हजार रुपये मासिक वेतन मिलेगा, जो पहले 65 हजार रुपये था। पोस्ट ग्रेजुएट सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों का वेतन 70 हजार रुपये से बढ़ाकर 85 हजार रुपये किया जाएगा। वहीं, पोस्ट डॉक्टरेट सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों का वेतन अब 75 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया जाएगा।

### निजी प्रैक्टिस की सीमा भी बढ़ाने की घोषणा

मुख्यमंत्री ने सरकारी डॉक्टरों के लिए निजी प्रैक्टिस की सीमा भी बढ़ाने की घोषणा की। अब तक सरकारी डॉक्टरों को न्यूनतम आठ घंटे की सरकारी सेवा के बाद 20 किलोमीटर की दूरी तक ही निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस करने की अनुमति थी। इस सीमा को अब बढ़ाकर 30 किलोमीटर कर दिया गया है। हालांकि, मुख्यमंत्री ने यह भी चेतावनी दी कि सरकारी अस्पताल में मरीजों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राम मंदिर से चिढे लोग कुंभ को कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं, उन्हें बिहार माफ नहीं करेगा: मोदी



**भागलपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद द्वारा महाकुंभ को लेकर की गयी टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए सोमवार को कहा कि राम मंदिर से चिढने वाले लोग महाकुंभ को कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं लेकिन ऐसे लोगों को बिहार कभी भी माफ नहीं करेगा। बिहार के भागलुपर जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त जारी किये जाने को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने अपने संबोधन में प्रसाद पर प्रहार करते हुए कहा, "राजग सरकार भारत की गौरवशाली विरासत के संरक्षण और वैभवशाली भविष्य के निर्माण के लिए एक साथ काम कर रही है, लेकिन यह जो जंगल राज वाले हैं, इनको हमारी धरोहर से, हमारी आस्था से नफरत है।" राजद सुप्रीमो पर अपना प्रहार जारी रखते हुए मोदी ने कहा, " इस समय प्रयागराज में एकता का महाकुंभ चल रहा है। यह भारत की आस्था, एकता और समरसता का सबसे बड़ा महोत्सव है। पूरे यूरोप की जितनी जनसंख्या है, उससे भी ज्यादा लोग अब तक महाकुंभ में डुबकी लगा चुके हैं। बिहार से भी श्रद्धालु महाकुंभ होकर आ रहे हैं लेकिन यह जंगल राज वाले महाकुंभ को ही गाली दे रहे हैं। वे महाकुंभ को लेकर भद्दी-भद्दी बातें कर रहे हैं।" उन्होंने कहा, "राम मंदिर से चिढने वाले लोग महाकुंभ को भी कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। मैं जानता हूं कि महाकुंभ को गाली देने वाले ऐसे लोगों को बिहार कभी भी माफ नहीं करेगा।" उल्लेखनीय है कि प्रसाद ने हाल में नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की थी और महाकुंभ में भारी भीड़ पर सवाल उठाते हुए कहा था, अरे यह सब कुंभ का क्या कोई मतलब है, फालतू है कुंभ...।" मोदी ने कहा, "पूर्वोदय से ही विकसित भारत का उदय होगा और हमारा बिहार, पूर्वी भारत का सबसे अहम स्तंभ है। बिहार, भारत के सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। राजद के लंबे कुशासन ने बिहार को बर्बाद किया, बिहार को बदनाम किया लेकिन अब विकसित भारत में बिहार का वही स्थान होगा जो प्राचीन समृद्ध भारत में पाटलिपुत्र का था। हम सभी मिलकर निरंतर प्रयास कर रहे हैं।"

### विश्व बैंक का कहना है कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि विश्व बैंक ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। निवेशकों और उद्योगपतियों के लिए राज्य की असीम संभावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए भोपाल में आयोजित 'निवेश मध्य प्रदेश – वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2025' का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने यह बात कही। विश्व बैंक ने हाल ही में अपनी 'वैश्विक आर्थिक संभावना' रिपोर्ट में कहा है कि भारत अगले दो वर्षों तक सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

## बांग्लादेश: वायुसेना केंद्र पर सुरक्षा बलों और नागरिकों के संघर्ष में एक की मौत, कई घायल



**ढाका :** दक्षिण-पूर्वी तटीय शहर कॉक्स बाजार में सोमवार को स्थानीय लोगों और वायु सेना कर्मियों के एक समूह के बीच संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गए। आईएसपीआर के एक बयान में कहा गया, बांग्लादेश वायु सेना इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कर रही है। आईएसपीआर ने कहा कि समुद्र तटीय शहर से सटे समितिपारा इलाके के कुछ स्थानीय बदमाशों ने एयरबेस पर उस समय अचानक हमला कर दिया, जब एक बाइक सवार को जांच चौकी पर रोका गया था जो वाहन के कागजात के बिना क्षेत्र को पार कर रहा था। उसने कहा कि जब बाइक सवार को पूछताछ के लिए केंद्र के अंदर ले जाया गया तभी 200 से अधिक लोगों ने केंद्र के अंदर धावा बोल दिया। सुरक्षा बलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की जिसके बाद हुए संघर्ष में वायु सेना के चार जवान घायल हो गए। जिला उपायुक्त मोहम्मद सलाहुद्दीन ने कहा, "घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।




### बीएसएफ ने पंजाब और जम्मू में पाकिस्तान से सटी सीमा पर और अधिक जवान तैनात किए

**नयी दिल्ली :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब और जम्मू में भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित अपनी चौकियों पर अतिरिक्त जवानों को तैनात करने का आदेश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ के इस कदम का उद्देश्य घुसपैठ रोधी तंत्र को मजबूत करने तथा गोला-बारूद अथवा मादक पदार्थों को ले जाने वाले ड्रोनों को रोकना है। आधिकारिक सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि चंडीगढ़ स्थित सीमा सुरक्षा बल की पश्चिमी कमान ने इन दोनों क्षेत्रों में अग्रिम मोर्चे पर नौ 'सामरिक' मुख्यालय स्थापित करने का भी निर्देश दिया है। इन क्षेत्रों में अधिकतम खुफिया और अभियान संबंधी साजो-सामान को नवनिर्मित नियंत्रण कक्ष की निगरानी में यहां 'स्थानांतरित' किया जा रहा है। सामरिक या 'टैक मुख्यालय' एक अग्रिम चौकी होती है, जो सीमा के करीब चौकी के पास तथा बटालियन चौकी से आगे होती है। सूत्रों के अनुसार 'टैक मुख्यालय' में बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर (सीओ) सहित सभी विभागों से वरिष्ठ कमांडर की मौजूदगी भी होगी, जिनकी यूनिट इन संवेदनशील सीमा चौकियों पर तैनात है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के 'अधिकतम' जवानों को बटालियन मुख्यालयों से स्थानांतरित कर इन दोनों क्षेत्रों में सीमा सुरक्षा इकाइयों में तैनात करने के निर्देश जारी किए गए हैं।



## डिजिटल प्लेटफॉर्मों के नियमन हेतु सख्ती जरूरी

पिछले दिनों एक विवादास्पद मामले में सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संबंधित कानूनों के अनुपालन की जरूरत महसूस करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिये एडवाइजरी जारी की है। निस्संदेह यह वक्त की जरूरत है। दरअसल, हाल ही में एक यूट्यूबर की अभद्र टिप्पणी से पैदा हुए विवाद पर देशव्यापी प्रतिक्रिया हुई थी। केंद्र सरकार की पहल को शीर्ष अदालत के सख्त रुख के आलोक में देखा जा रहा है। पारिवारिक मूल्यों वाले भारतीय समाज में अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग करते हुए अमर्यादित व संवेदनहीन टिप्पणी के मामले गाहे-बगाहे प्रकाश में आते रहते हैं। यही वजह है कि इलाहाबादिया प्रकरण में कई राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज कर किए गए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को गिरफ्तारी से राहत तो दी मगर सख्त टिप्पणी भी की थी कि वे दिमागी गंदगी को थोप रहे हैं, जिससे समाज शर्मसार हुआ है। लेकिन इस प्रकरण ने अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के नियमन की बहस को नये सिरे से शुरू कर दिया। हालांकि, आपातकाल के सीमित कालखंड को छोड़ दें तो देश में हमेशा अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान किया गया है। सुप्रीम कोर्ट समेत कई उच्च न्यायालयों ने अभिव्यक्ति की आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। लेकिन आजादी के अतिक्रमण के बाद सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी प्लेटफॉर्म हेतु एडवाइजरी जारी करते हुए संबंधित कानून के सभी प्रावधानों के अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। निस्संदेह, इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के निर्धारण की आवश्यकता है।

हाल के दिनों में डिजिटल मंचों पर अश्लीलता व हिंसक अभिव्यक्ति के चलते इनके नियमन की जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर पारिवारिक जीवन मूल्यों का अतिक्रमण करने वाली टिप्पणियों पर रोक जरूरी है। यदि स्थिति में सुधार नहीं होता तो बहुत संभव है कि सरकारी निगरानी बढ़ जाए। दरअसल, सूचना प्रसारण मंत्रालय ने इस बाबत बनी संसदीय समिति से कहा है कि समाज में इस बात को लेकर रोष है कि अभिव्यक्ति की आजादी के संवैधानिक अधिकार का अतिक्रमण करके हिंसक व अश्लील सामग्री का प्रसारण किया जा रहा है। वहीं संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति का कहना है कि इसके नियमन के लिये कुछ कानून तो हैं लेकिन वर्जित सामग्री के नियमन के लिये नया प्रभावी कानून होना चाहिए। ऐसी राय देश के जनप्रतिनिधियों, अदालतों तथा कुछ वैधानिक संस्थाओं ने व्यक्त की है। देश की शीर्ष अदालत का मानना रहा है कि यूट्यूब जैसे मंचों पर सामग्री साझा करने पर नियंत्रण हेतु कानून निष्प्रभावी नजर आते हैं। अब नये मीडिया मंचों पर विवादास्पद सामग्री पर अंकुश लगाने के लिये कानून में संशोधन की भी बात कही जा रही है। इसकी वजह यह भी है कि परंपरागत प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तो इस बाबत बने कानून के दायरे में आते हैं, लेकिन नए डिजिटल प्लेटफॉर्मों के लिये प्रभावी कानून नहीं है। निश्चित रूप से संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने की जरूरत है।

## यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के रूस के प्रयासों से चीन खुश : शी ने पुतिन से कहा

**बीजिंग :** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने रूस के अपने समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से सोमवार को फोन पर बात की और कहा कि वह यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत शुरू करने के मॉस्को के प्रयासों से खुश हैं। सरकारी प्रसारक 'सीसीटीवी' की खबर के मुताबिक, पुतिन ने शी को अमेरिका के साथ हाल-फिलहाल में हुई बातचीत के बारे में जानकारी दी। खबर के अनुसार, शी ने कहा कि चीन इस बात से खुश है कि रूस और संबंधित पक्षों ने संकट का समाधान निकालने के लिए सकारात्मक प्रयास किए हैं। क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की ओर से जारी बयान के मुताबिक, चीनी पक्ष ने रूस और अमेरिका के बीच बातचीत के प्रति समर्थन जताया और कहा कि वह संघर्ष को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने में मदद देने के लिए तैयार है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 25 फरवरी, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष द्वादशी, 12:43 तक, नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 18:18 तक, योग : व्यतिपाता, 08:07 तक, सूर्योदय: 6:03, सूर्यास्त: 17:37, चन्द्रोदय : 03:58, चन्द्रास्त: 14:53, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 14:42 से 16:08

## राशिफल

**मेष :** आज लम्बित योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। परिवार में काम की थोड़ी अधिकता रहेगी। पिताजी अथवा गुरुजनों के साथ किसी गम्भीर मुद्दे पर चर्चा हो सकती है।

**वृष :**आज व्यापारिक यात्रा के लिये जाना पड़ सकता है। अनावश्यक खर्चों को नियन्त्रित कर लें। बनते हुये कार्यों में विघ्न आने की आशंका है। अध्यात्मिक चिन्तन को आप समय देंगे।

**मिथुन :** आज आज का दिन अपनों के बीच शान्ति से बितायेंगे तो बेहतर होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधान रहना चाहिये। गलत और अनैतिक कार्यों को करने की तरफ प्रेरित हो सकते हैं।

**कर्क :** आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। दिनचर्या थोड़ी असामान्य हो सकती है। आपकी योजना सफल होगी। विवादों को सुलझा सकते हैं।

**सिंह :** आज आप दूसरों की सहायता करने की पूरी कोशिश करेंगे। घर का माहौल अनुशासित रहेगा। नकारात्मक आदतों को छोड़ने का प्रयास करें। अपनी योजनाओं को लोगों के सामने साझा न करें।

**कन्या :** आज अपनी क्षमताओं और योग्यता पर सन्देह न करें। आलस्य में अपना समय बर्बाद न करें। कारोबार को लेकर तनाव हो सकता है। प्रेम सम्बन्धों को लेकर थोड़े गम्भीर रहें।

**तुला :** आज उच्च शिक्षा को लेकर काफी मेहनत करेंगे। घर बेचना चाह रहे हैं तो आपको आज शुभ परिणाम मिलने की सम्भावना है। विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलने की सम्भावना है। काम के प्रति एकाग्रता में वृद्धि होगी।

**धनु :** आज कर्मचारियों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। यदि सर्दी-खाँसी से पीड़ित हैं तो तुरन्त उसका इलाज करवायें। आपको फिजूल खर्च करने से बचना चाहिये।

**मकर :**आज स्वास्थ्य की समस्या दूर होगी। आप रोमांचक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। साझेदारी वाले व्यापार में अच्छा लाभ हो सकता है।

**कुम्भ :** आज लोग आपके साथ धोखाबाजी कर सकते हैं। सावधान रहें। जॉब में अचानक स्थान-परिवर्तन से परेशान होंगे। भूमि सम्बन्धित मामलों में अड़चन आने की सम्भावना है।

**मीन :** आज आपकी सलाह से लोगों को बहुत लाभ होगा। प्रेम सम्बन्धों को परिवार से स्वीकृति मिल सकती है। पुराने रोग से मुक्ति मिलने के अच्छे योग हैं। अपना खानपान बेहद सन्तुलित रखें।

# तापमान में बढ़ोतरी का दिखने लगा है खेती किसानी पर नकारात्मक असर



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



जलवायु परिवर्तन का असर खेती किसानी पर साफ दिखाई देने लगा है। कहा जा रहा था कि 2024 की फरवरी सर्वाधिक गर्मी वाला माह रहा है पर 2025 में जनवरी में जिस तरह से तापमान में बढ़ोतरी देखी गई है और फरवरी में ही देश के अधिकांश हिस्सों खासकर उत्तरी भारत में तापमान में लगातार तेजी देखी जा रही है वह चिंतनीय होती जा रही है। दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान सहित अनेक प्रदेशों में फरवरी में अधिकतम तापमान का आंकड़ा 30 डिग्री को छूने को बेताब हो रहा है। देश के कई हिस्सों में दिन का तापमान 29 डिग्री को पार कर रहा है। यह कोई हमारे देश के ही हालात नहीं है अपितु दुनिया के अधिकांश देशों में जलवायु परिवर्तन का असर साफ-साफ दिखाई देने लगा है। बढ़ता तापमान बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। बढ़ते तापमान के कारण परिस्थिति तंत्र प्रभावित हो रहा है। बीमारियां तो फैल ही रही है संपूर्ण तंत्र पर ही नकारात्मक प्रभाव पड़ता जा रहा है। चिंतनीय यह है कि एक और हम निरंतर घटते भूजल स्तर से प्रभावित हो रहे हैं तो ग्लेसियरों के तेजी से पिघलने का असर दिखाई दे रहा है। असमय अतिवृष्टि, अनावृष्टि, तूफान, जंगलों में आग आदि आदि सीधा असर दिखाई दे रहा है।

जहां तक खेती-किसानी का प्रश्न है मौसम के अप्रत्याशित बदलाव से फसल चक्र पर नकारात्मक असर दिखने लगा है। फसल वपन का एक सिस्टम होता है। बुआई से लेकर फसल के पक कर तैयार होने का चक्र होता है। दर असल हो यह रहा है कि जिस समय फसल में फल फूल आने का समय होता है उस समय तापमान बढ़ने से फल फूल का विकास रुक जाता है और फसल पकने लगती है, इससे फसल में खराबे और उत्पादन में कमी होना स्वाभाविक हो जाता है। दिसंबर, जनवरी की सर्दी और फरवरी में औसत तापमान से फसलों का सही ढंग से विकास संभव हो पाता है। एक अन्य चिंतनीय कारण यह भी बनता जा रहा है कि मावठ के समय मावठ नहीं होती, सर्दियों की बरसात के समय बरसात नहीं होती और जिस समय तापमान में बढ़ोतरी होनी चाहिए उस समय आंधी, तूफान और बरसात आकर फसल को चौपट करने में कोई कमी नहीं छोड़ती। इसका सीधा सीधा असर खाद्यान्न संकट के रुप में देखा जा सकता है। प्रायः देखा जाने लगा है कि जब फसल की कटाई का समय होता है उस समय आंधी तूफान या ओला-बरसात होकर फस्ल को चौपट करने में कमी नहीं छोड़ती। इसी तरह से जनवरी-फरवरी में जब तापमान में गिरावट की आवश्यकता होती है उस समय तापमान में बढ़ोतरी चिंता का विषय बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि जलवायु परिवर्तन के हालात यही रहे तो कुछ खाद्य वस्तुओं के भावों में कई गुणा तक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। आलू, टमाटर, दालों, तिलहनों और अनाज के भावों में बढ़ोतरी साफ तौर से देखी जा सकती है।

कृषि और आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों को मानना है कि तापमान की असामयिक उतार-चढ़ाव के चलते कृषि पैदावार पर सीधा सीधा नकारात्मक असर पड़ रहा है। कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कृषि उत्पादों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इससे साफ हो जाता है कि खाद्य वस्तुओं के भाव बढ़ेंगे ही और उसका सीधा असर हमें महंगाई के रुप में देखने को मिलेगा। मजे की बात यह है कि जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया के देशों में तेजी से बंजर होती भूमि को लेकर चिंता तो जताई जा रही है पर अभी तक इन हालातों से निपटने का ठोस आधार तैयार नहीं किया जा सका है। आज दुनिया के देश आसन्न खाद्यान्न संकट को लेकर चिंतित है। इसके लिए बड़े बड़े सम्मेलनों में चिंतन मनन हो रहा है। विश्व खाद्य संगठन सहित दुनिया की संस्थाएं इससे आसन्न संकट को लेकर तो परेषान है ही उनकी चिंता का कारण यह भी होता जा रहा है कि पोष्टिक भोजन नहीं मिलने से करोड़ो लोक कुपोषण के शिकार है। खाद्यान्नों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। दुनिया के देश खेती किसानी के महत्व को कोरोना काल में अच्छी तरह से समझ चुके हैं। कोरोना में मानवता को संबल देने में खेती किसानी ने प्रमुख भूमिका निभाई और सबकुछ बंद होने पर खेती किसानी ही लोगों का पेट भरने में सहायक रही।

जलवायु परिवर्तन का असर जब साफ साफ सामने आने लगा है तो उस हालात में मौसम विज्ञानियों और कृषि विज्ञानियों के सामने बड़ी चुनौती आ गई है। एक और जलवायु परिवर्तन को सर्वाधिक प्रभावित करने वाले कारकों का कोई ना कोई विकल्प खोजना ही होगा। होता यह है कि हम जिसे आज बेहतर विकल्प बताते है कुछ समय बाद ही उसमें भी खामियां नजर आने लगती है। जलवायु को नियंत्रित करने वाले जंगलों का स्थान कंक्रिट के जंगल लेते जा रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि इलेक्ट्रोनिक उत्पादों व नई नई खोजों ने हमारा जीवन आसान बनाया है पर उसके साइड इफेक्ट तेजी से असर दिखाने लगे हैं। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने भूमि की उर्वरा शक्ति को प्रभावित किया है। अत्यधिक जल दोहन से भूजल का स्तर साल दर साल नीचे जाता जा रहा है। भू क्षरण होने लगा है। भूमि तेजी से बंजर होती जा रही है।

खैर हालात हमारे सामने हैं। ऐसे कृषि विज्ञानियों को ऐसी किस्में विकसित करनी होगी जो बदलते मौसम के अनुकूल हो। शुष्क भूमि में खेती की किस्में खोजनी होगी। इसी तरह से कम जल में विकसित होने वाली फसलों की किस्मों पर ध्यान देना होगा। कंजरवेशन खेती को बढ़ावा देना होगा। परंपरागत खेती को चरणवद्ध तरीके से अपनाना होगा। प्रयास यह करना होगा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे मौसक चक्र के बदलाव के अनुकूल फसलों की किस्में तैयार हो। क्योंकि प्रकृति से छेड़छाड़ करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी और उसका खामियाजा हमें आज भुगतना पड़ रहा है। तेज सर्दी के समय गर्मी से दो चार होना पड़ रहा है। इस सबके साथ ही धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने के उपायों पर ध्यान देना होगा। हालात गंभीर चिंतनीय होते जा रहे हैं और यही हालात रहे तो विशेषज्ञ कहने लगे है कि कृषि उत्पादन में कमी का असर सारी दुनिया को भुगतना होगा। हालात और भी गंभीर हो उससे पहले ही ठोस प्रयास करने होंगे। बदलते हालातों में खेती किसानी के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे नहीं तो महंगाई तो एक और है ही दुनिया के कई देशों में भूखमरी के गंभीर हालात होने से कोई नहीं रोक सकेगा।

# कितनी उचित है गंगाजल पर बयान बाजी



रमेश सर्राफ धमोरा



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। विद्वानो का कहना है कि 144 वर्षों के बाद इस बार का महाकुंभ विशेष योग में संपन्न हो रहा है। ऐसे में यहां स्नान करने का सर्वाधिक महत्व है। मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान कर लिया है। समापन तक यह संख्या करीबन 65 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

इस बार महाकुंभ में जितने लोगों ने स्नान किया है वह दुनिया के एक-दो देशों को छोड़कर अधिकांश देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होती है। भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान कर पूजा अर्चना की है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक सहित देश के आम लोगों के मन में कुंभ स्नान के प्रति जो श्रद्धा देखी जा रही है। वैसी श्रद्धा इससे पहले शायद ही देखी गई होगी।

हालांकि मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ के संगम तट पर भगदड़ मचने से करीबन 37 लोगों की भीड़ में दबकर मौत हो गई थी। इसी तरह कुंभ आने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर एकत्रित भीड़ में भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थी जिसमें प्रशासनिक लापरवाही का भी बहुत बड़ा हाथ माना जा रहा है। हालांकि दोनों ही घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही असली दोषियों का पता चल सकेगा।

शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं। आने वाली महाशिवरात्रि पर यह संख्या कई गुना अधिक होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। ताकि महाकुंभ में किसी तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं प्रयागराज आकर महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान की तैयारी का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी चैकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।

जहां एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीप-ीसीबी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा-यमुना का पानी नहाने के योग्य नहीं है। सीप-ीसीबी ने इस रिपोर्ट को तीन फरवरी को तैयार किया था। रिपोर्ट को तैयार करने के लिए सीपीसीबी ने नौ से 21 जनवरी के बीच प्रयागराज में अलग-अलग जगह पर गंगा-यमुना के 73 सैंपल जमा किए। इन सैंपलों की छह मानकों पानी का पीएच वैल्यू, फीकल कोलीफॉर्म, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन पर जांच की गयी। जितने भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। बाकी के पांच मानकों पर पानी की गुणवत्ता मानक के मुताबिक मिली। सीप-ीसीबी की वेबसाइट पर दिए आंकड़ों के मुताबिक 29 जनवरी को संगम पर गंगा में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 2300 पाई गई थी। 29 जनवरी को ही मौनी अमावस्या का पर्व था। इसे महाकुंभ में सबसे बड़ा अमृत स्नान माना गया है। उस दिन गंगा-यमुना में कई करोड़ लोगों ने डबकी लगाई थी।

महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवालो के बीच देश के जाने-माने वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। संगम, अरैल समेत पांच घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु के गंगा में स्नान के बाद भी इसकी शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले डॉ. अजय कुमार सोनकर ने कहा कि उन्होंने अपनी नैनी स्थित प्रयोगशाला में गंगा के जल की जांच की। गंगाजल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को प्रयोगाशाला में जांच की चुनौती भी दी। कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो वह मेरे सामने गंगा जल ले और हमारी प्रयोगशाला में जांच कर संतुष्ट हो जाए।

शीर्ष भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सोनकर ने कहा है कि गंगाजल सबसे शुद्ध है। यहां नहाने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। बैक्टीरियोफेज (बैक्टीरिया खाने वाला) के कारण गंगा जल की शुद्धता बरकरार है। प्रयोगशाला में जल के नमूनों को 14 घंटों तक इंक्यूबेशन तापमान पर रखने के बाद भी उनमें किसी भी प्रकार की हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि नहीं हुई। डॉ. अजय सोनकर ने कहा कि गंगा का जल न केवल स्नान के लिए सुरक्षित है। बल्कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी रोग भी नहीं होते हैं।

डॉ. अजय कुमार सोनकर ने बताया कि पांच घाटों से गंगा जल के नमूने लिए और लैब में सूक्ष्म परीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ हुई न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई। इस शोध में पाया कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। इस वजह से जल दूषित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गंगा जल की अम्लीयता (पीएच) सामान्य से बेहतर है और उसमें किसी भी प्रकार की दुर्गंध या जीवाणु वृद्धि नहीं पाई गई। गंगाजल के सैंपल का पीएच स्तर भी 8.4 से लेकर 8.6 तक पाया गया। जो काफी बेहतर माना गया है।

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 3 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक रिपोर्ट देकर बताया कि प्रयागराज संगम का पानी नहाने के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके बाद यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 18 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक नई रिपोर्ट देकर सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट को झुठला दिया है। इस रिपोर्ट में बताया है कि नाले का पानी प्रयागराज की गंगा-यमुना नदी में सीधे तौर पर नहीं गिर रहा। कुल छह पॉइंट पर पानी नहाने लायक है। सिर्फ शास्त्री ब्रिज के नीचे पानी की गुणवत्ता थोड़ी बहुत सही नहीं है और इसके जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की जा रही है।

हालांकि एनजीटी ने इस नई रिपोर्ट पर असंतोष जताया है। कहा कि अगर सेंट्रल की रिपोर्ट गलत है तो यूपी वाले एक्शन लें। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से गंगा-यमुना के पानी की गुणवत्ता पर एक हफ्ते में नई विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस पर अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। दरअसल ये पूरा मामला उन 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है। जो महाकुंभ में संगम स्नान करने प्रयागराज आए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के श्रद्धालुओं पर संभावित असर को देखते हुए ही यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने नई रिपोर्ट बनाकर इसका जवाब दिया है।

गंगाजल की शुद्धता को लेकर राज्य और केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड में जो खींचतान मची हुयी है उसका असर कुम्भ स्नान के लिये आने वाले लोगों पर नहीं देखा जा रहा है। आनेवालों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोगों की आस्था में कहीं कोई कमी नही देखी जा रही है। प्रयागराज के महाकुम्भ में करोड़ो लोगो ने स्नान किया है मगर किसी कोई दिक्कत होने की खबर नहीं मिली है। ऐसे में गंगाजल की शुद्धता को लेकर विवाद करने से अच्छा है जनभावनाओं का सम्मान करें।

## विदेश की खबरें

### भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव के एनसीसी कैडेटों ने नेपाल के प्रधानमंत्री से मुलाकात की

**काठमांडू :** भारत, बांग्लादेश, भूटान और मालदीव के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से उनके आधिकारिक आवास पर शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में 2025 युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत काठमांडू में है। प्रधानमंत्री सचिवालय के अनुसार, एनसीसी टीम नेपाल सेना की 262वीं वर्षगांठ तथा महाशिवरात्रि उत्सव में भाग लेने के लिए नेपाल में है। बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री ओली ने इस बात पर जोर दिया कि युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम न केवल मित्र देशों के सशस्त्र बलों के बीच आपसी संबंधों को बढ़ाएगा, बल्कि यह कौशल, संस्कृति और परंपराओं को साझा करने के लिए एक मूल्यवान मंच के रूप में भी काम करेगा।

### भारत से 100 से अधिक हिंदू तीर्थयात्री कटास राज मंदिर में धार्मिक उत्सव में भाग लेने पाकिस्तान पहुंचे

**लाहौर :** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में श्री कटास राज मंदिर में धार्मिक उत्सव में भाग लेने के लिए भारत से 100 से अधिक हिंदू तीर्थयात्री सोमवार को लाहौर पहुंचे। 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' (ईटीपीबी) के प्रवक्ता गुलाम मोहयुद्दीन ने पीटीआई से कहा, ''महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री कटास राज में धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए भारत से 109 हिंदू तीर्थयात्रियों का एक समूह वाघा बॉर्डर के रास्ते लाहौर पहुंचा।''
उन्होंने कहा कि त्रिलोक चंद और रघुकांत के नेतृत्व में आए तीर्थयात्रियों का ईटीपीबी के अतिरिक्त सचिव (श्राइन) सैफुल्ला खोखर, उप सचिव उमर जावेद अवान, पाकिस्तान हिंदू मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों, वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय हिंदू नेताओं ने सीमा पर गर्मजोशी से स्वागत किया।

## वर्ग पहेली नं. 3015

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | 18 | ■ |
| 19 | | ■ | 20 | | | ■ | ■ | 21 | 22 |
| | ■ | 23 | | ■ | 24 | | | | |
| | ■ | 25 | | 26 | ■ | ■ | ■ | 27 | |
| 28 | | | ■ | 29 | | | | | ■ |

**बायें से दायें:-** 1) एक प्रसिद्ध रामभक्त, 4) अच्छे बुरे का ज्ञान; समझदारी, 7) विभीषण का भाई, 9) सोना, 11) आयुर्मान, 12) जबानी याद, 13) परत, 14) वर्ष, 15) कुछ, 16) नेत्रांजन, 17) चुकता; इठलाहट, 19) निर्जन, 20) गणना, 21) पक्षी, 23) सब, 24) भारी, 25) सुगंध, 27) मृत्युदेवता, 28) जुड़वाँ, 29) दिलचस्प; मज़ेदार.

**ऊपर से नीचे:-** 1) तुरंत; आनन फ़ानन; तत्काल, 2) नशीला, 3) अहंकार; उन्माद, 4) बाअदबी; नम्रता, 5) एक मिठाई, 6) कारगाह; कार्य-क्षेत्र, 8) अभूतपूर्व; किशोर, 10) इधर-उधर की बातें करके किसी को हटाना, 14) जन्मदिन, 15) प्रवेश-शुल्क; चंद्रमा, 17) नितांत, 18) सुखद, 19) पूर्वोदय; तड़का, 22) संतप्त; उष्ण, 23) गर्भ, 26) इने गिने.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ■ | या | चि | का | ■ | मा | यू | स | ■ |
| र | ■ | मि | ■ | म | म | ता | ■ | म | ड्डा |
| मा | न | नी | य | ■ | स | म | क | क्ष | ■ |
| ह | ■ | ■ | मु | न्त्रा | ■ | ह | द | ■ | प |
| ट | प | क | ना | ■ | आ | ■ | र | फ्ता | र |
| ■ | हे | म | ■ | म | द्य | ■ | दा | ■ | वा |
| ग | ली | ■ | घू | स | ■ | स | न | का | ना |
| ह | ■ | ठी | ■ | ख़ | रा | ब | ■ | लि | ■ |
| न | म | क | ह | रा | म | ■ | दु | ख | ड़ा |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2975

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | | 1 | |
| | | | | | | | 3 | 9 |
| 7 | | | | | | | | |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| | | | 2 | | | 7 | | |
| | 1 | | | | | | | |
| 6 | | | | | 4 | 5 | | |
| 2 | | | | 1 | 9 | | | |
| | | | | 3 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2974 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 8 | 6 | 3 | 9 | 1 | 4 | 5 |
| 1 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 8 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 9 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 9 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 8 | 6 | 2 | 1 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 7 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 8 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 5 | 8 | 7 | 9 | 2 | 3 | 4 | 6 | 1 |

# छेड़छाड़ से बचने की कोशिश में पलटी कार, पानागढ़ में महिला की मौत व दो घायल

## नशे में धुत कई युवक नृत्यांगना से कर रहे थे छेड़छाड़, आरोपित फरार

**पूर्व बर्दवान :** जिले में हुए एक सड़क हादसे में नृत्यांगना व इवेंट मैनेजर सुतंद्रा चटर्जी की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब उनका वाहन नशे में धुत युवकों से बचने के लिए तेज रफ्तार में भागने की कोशिश कर रहा था। सुतंद्रा चटर्जी राज्य के हुगली जिले के चंदननगर की निवासी थी। इस दुर्घटना में वाहन में सवार दो अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गए। घटना रविवार की देर रात की है जब सुतंद्रा चटर्जी अपने सहयोगियों के साथ एक पेशेवर कार्यक्रम के लिए बिहार के गया जा रही थीं। वाहन चालक राजदेव शर्मा ने पुलिस और मीडिया को बताया कि यात्रा के दौरान उनका



वाहन पूर्व बर्दवान जिले के बुदबुद इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पेट्रोल पंप पर रुका। उसी समय, नशे में धुत युवकों का एक समूह वहां पहुंचा और सुतंद्रा चटर्जी पर अभद्र टिप्पणी करने लगा। हालांकि, उनकी टीम ने युवकों को नजरअंदाज कर दिया और आगे बढ़ गई। कुछ समय बाद, चालक ने देखा कि एक वाहन में सवार होकर वे युवक उनका पीछा कर रहे हैं। यह सिलसिला पानागढ़ तक जारी रहा। अचानक, युवकों ने ओवरटेक कर रास्ता रोकने की कोशिश की, जिससे दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। स्थिति से बचने के प्रयास में चालक ने वाहन को सर्विस रोड की ओर मोड़ा, लेकिन संतुलन बिगड़ने से कार पलट गई। वाहन पहले एक सार्वजनिक शौचालय और फिर एक स्क्रैप की दुकान से टकरा गया। इस हादसे में सुतंद्रा चटर्जी की मौके पर ही मौत हो गई। सुतंद्रा चटर्जी के सहयोगी मिंटू मंडल ने बताया कि आरोपित युवक पूरी तरह नशे में थे और शुरुआत से ही उनका व्यवहार आक्रामक था। वे लगातार अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे। हालांकि, उनकी टीम ने उन्हें अनदेखा किया ताकि कोई विवाद न हो। लेकिन किसी ने यह नहीं सोचा था कि वे उनकी गाड़ी को टक्कर मार देंगे। पुलिस ने आरोपितों के वाहन को जब्त कर लिया है, लेकिन आरोपित अब भी फरार हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपितों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# बेटी और दामाद के बीच तनाव रोकने गए ससुर की मौत

❑ दामाद पर ससुर को पीटने का आरोप

❑ आरोपी फरार, तलाश में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेटी और दामाद के बीच बढ़ते तनाव को रोकने की कोशिश में ससुर की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार की रात घोला थाना अंतर्गत पानीहाटी इलाके में घटी। कथित तौर पर शादी के बाद से ही बेटी और दामाद के बीच अनबन चल रही थी। गत रविवार को लड़की के पिता उस झगड़े को रोकने गए थे। तभी, दामाद ने उसकी बुरी तरह पिटाई की। जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया।



मृतक की पहचान आलोक मुखर्जी के रूप में की गई है। इस बीच, आरोपी दामाद फरार है। पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय व पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, आलोक मुखर्जी की बेटी अयंतिका की शादी चार साल पहले सैकत बसु उर्फ विक्की से हुई थी। ये सभी पानीहाटी नगरपालिका के वार्ड 27 के निवासी हैं। परिवार का आरोप है कि विक्की शादी के बाद से ही अयंतिका को प्रताड़ित कर रहा था। गत रविवार की रात को भी वह अपनी पत्नी को प्रताड़ित कर रहा था। लड़की ने अपने पिता को यह खबर बताई। एक ही इलाके में रहने के कारण आलोक रात में ही अपनी बेटी को बचाने के लिए दौड़े। विक्की अशांति के दौरान नशे की हालत में था। जैसे ही आलोक वहां पहुंचे तो उनके दामाद ने उन पर हमला कर दिया। वह उन्हें लगातार मुक्के से मारने लगा। उन्हें सीने में चोट लगी और उन्हें गंभीर हालत में स्थानीय निजी अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। सोमवार को आलोक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अभिषेक के सोशल मीडिया पोस्ट से बढ़ी सियासी हलचल



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बंद्योपाध्याय इन दिनों अपनी महत्वाकांक्षी 'सेवाश्रय' परियोजना में व्यस्त हैं। इसी बीच, उनकी एक सोशल मीडिया पोस्ट ने राजनीतिक हलकों में अटकलों का बाजार गर्म कर दिया है। सोमवार को अभिषेक बंद्योपाध्याय ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि जो लड़ाई लड़ना चाहता है, उसे पहले इसकी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहना होगा। उनके इस संदेश को लेकर राजनीतिक गलियारों में कयासों का दौर जारी है।

## मालदह टाउन स्टेशन पर रेलवे अधिकारियों की तत्परता से महिला ने बच्चे को दिया जन्म



**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह टाउन रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की मदद से एक महिला ने सुरक्षित रूप से बच्चे को जन्म दिया। महिला का नाम पिंकी खातून (25) है। वह असम के कोकराझार की निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार, 23 फरवरी की सुबह लगभग 07:10 बजे मालदह टाउन स्टेशन के कंकोर्स क्षेत्र में पिंकी को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही, ठझक्र के सहायक उपनिरीक्षक एमके राय ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। इसके बाद, मालदह स्टेशन के डिप्टी स्टेशन मैनेजर ने मेडिकल सहायता की व्यवस्था की और महिला के समर्थन के लिए एक महिला कांस्टेबल को तैनात किया। रेलवे डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और महिला आरपीएफ कर्मियों के समन्वित प्रयासों से पिंकी खातून ने स्टेशन परिसर में एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। जन्म के बाद, दोनों मां और बच्चें को महिला कांस्टेबल सोनी कुमारी के साथ एंबुलेंस से मालदह मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ले जाया गया। फिलहाल, दोनों की स्थिति स्थिर है। पूर्व रेलवे का यह त्वरित और प्रभावी हस्तक्षेप यात्रियों की सुरक्षा और कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है।




कोलकाता ट्राम के 152 वर्ष पूरे होने पर एस्प्लेनेड में मनाया गया जश्न

## हाईकोर्ट ने आईपीएस मुरलीधर शर्मा को काकद्वीप दोहरे हत्याकांड की जांच का प्रभार सौंपा

❑ चार मार्च को आईपीएस अधिकारी को जांच की वर्तमान स्थिति पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने आईपीएस अधिकारी मुरलीधर शर्मा को काकद्वीप दोहरे हत्याकांड की जांच का प्रभार सौंपा है। सोमवार को न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने मुरलीधर को घटना की जांच करने का आदेश दिया। इस मामले में अगली सुनवाई चार मार्च को होगी। उस दिन मुरलीधर को जांच की वर्तमान स्थिति पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। उल्लेखनीय है कि गत 14 मई, 2018 को काकद्वीप में स्थानीय माकपा कार्यकर्ता देबप्रसाद दास और उसकी पत्नी उषारानी दास के जले हुए शव बरामद हुए। कथित तौर पर दंपती को उनके घर में आग लगाने के बाद जलाकर मार दिया गया। उस घटना में न्यायमूर्ति मंथा ने जनवरी 2023 में एकल पीठ के गठन का आदेश दिया था। आईपीएस अधिकारी दमयंती सेन के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम ने घटना की जांच शुरू की। दमयंती ने हाल ही में बीमारी का हवाला देते हुए जांच से खुद को अलग कर लिया था। न्यायमूर्ति घोष ने सोमवार को कहा कि न्यायालय ने 2018 की घटना के आधार पर 2023 में पीठ के गठन का आदेश दिया था। इसके परिणामस्वरूप दमयंती सेन के नेतृत्व में एसआइटी द्वारा अब तक की गई जांच पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सकेगी। रिपोर्ट में यह बताया जाना चाहिए कि जांच कितनी आगे बढ़ी है। यदि वादी को इस मामले पर कोई आपत्ति है तो अदालत उनकी सुनवाई करेगी। इसके बाद ही आगे के निर्देश दिए जाएंगे।

## नागरिक स्वास्थ्य संघ ने 105 नागरिकों को नेत्र ज्योति प्रदान की

**कोलकाता :** नागरिक स्वास्थ्य संघ के अध्यक्ष कुंज बिहारी अग्रवाल की अध्यक्षता में श्रद्धेय पुष्पा देवी अग्रवाल की स्मृति में आयोजित सेवा शिविर में पायनियर पैकेजिंग इंडस्ट्रीज के आर्थिक सहयोग से 105 नागरिकों की आंख में मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया। प्रमुख अतिथि मृदुश्री कायां, पार्षद विजय ओझा, सरोज चौधरी, दिनेश अग्रवाल एवम् अतिथियों का स्वागत नागरिक स्वास्थ्य संघ के सचिव विकास चन्द चांडक, रामगोपाल अग्रवाल, दिलीप चौधरी, अविनाश गुप्ता, आलोक दमानी, गोवर्धन मूंधड़ा एवम कार्यकर्ताओं ने किया। अतिथियों ने संघ के अध्यक्ष कुंज बिहारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता के मार्गदर्शन में संस्था की प्रगति के लिये शुभकामना दी। मृदुश्री



कायां, दिलीप चौधरी ने संघ नेत्रालय में डॉक्टरों की टीम, मेडिकल स्टाफ, चिकित्सा सुविधा की सराहना की। संघ नेत्रालय में सेवा कार्यों की सराहना करते हुए अपनी ओर से नेत्र चिकित्सा शिविर में आर्थिक सहयोग करने का आश्वासन दिया। पार्षद विजय ओझा ने कहा सेवा कार्यों में सहयोगी दानदाता तत्पर रहते हैं, कार्यकर्ताओं को समर्पित कर्तव्य निष्ठा से सक्रिय रहना होगा। कुंजबिहारी अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को जोड़ते हुए सेवाकार्य, परोपकार की प्रेरणा दी। विकास चन्द चांडक ने बताया नेत्र परीक्षण शिविर में नागरिकों को चश्मे प्रदान किये जाते हैं, चयन किए गए रोगियों के नेत्र में मोतियाबिंद का संघ नेत्रालय में ऑपरेशन डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जाता है। वेद प्रकाश गुप्ता, जवाहरलाल आशावत, राजकुमार कोठारी एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

## छात्रा को अश्लील तरीके से छूने के आरोप शिक्षक को किया निलंबित, जांच जारी

कोलकाता, समाज्ञा

कोलकाता के एक स्कूल में छात्रा को अश्लील तरीके से छूने का आरोप शिक्षक पर लगा है। इस घटना के बाद माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पहले ही रिपोर्ट तलब कर ली है। इतना ही नहीं, स्कूल की एकाधिक छात्राओं के साथ उक्त शिक्षक ने अश्लील व्यवहार करने का आरोप है। मिली जानकारी के अनुसार, टाला आदर्श बालिका विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक के खिलाफ कंप्यूटर सिखाने के बहाने उन्होंने कई छात्राओं के शरीर पर हाथ लगाया। आरोप लगते ही स्कूल प्रशासन ने उक्त शिक्षक को निलंबित कर दिया है। उनकी ओर से कहा गया है कि आरोपी शिक्षक सरकारी या स्थायी



नहीं थे, बल्कि अनुबंध के आधार पर कंप्यूटर पढ़ा रहे थे। इस बीच स्कूल प्रशासन ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस को भी सूचित कर दिया है।

बोर्ड की ओर से कहा गया है कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। स्कूल के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जाएगी। आरोप के सही होने पर सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप की लोकप्रियता बढ़ी, 10.39 लाख से अधिक एंड्रॉइड और 58,000 से अधिक आईओएस उपयोगकर्ताओं ने किया डाउनलोड

**कोलकाता :** 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। अब तक 10.39 लाख से अधिक एंड्रॉइड और 58,000 से अधिक आईओएस उपयोगकर्ता इस ऐप को डाउनलोड कर चुके हैं। इस ऐप को रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) द्वारा विकसित किया गया है और यह अपने लॉन्च के बाद से ही यात्रियों के बीच लोकप्रिय बना हुआ है। इस ऐप के माध्यम से मेट्रो यात्री अपने स्मार्ट कार्ड को कहीं भी और कभी भी रिचार्ज कर सकते हैं या क्यूआर कोड आधारित टिकट बुक कर सकते हैं।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप को 5 मार्च 2022 को एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर और 22 मार्च 2024 को आईओएस प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया गया था। 23 फरवरी 2025 तक, इस ऐप को 10.39 लाख से अधिक एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं ने गूगल प्ले स्टोर से और 58,000 से अधिक आईओएस उपयोगकर्ताओं ने ऐपल स्टोर से डाउनलोड किया है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि यह ऐप मेट्रो यात्रियों के बीच कितना लोकप्रिय हो गया है। मेट्रो कर्मचारी भी यात्रियों को इस ऐप को डाउनलोड करने में मदद कर रहे हैं और स्टेशनों पर इसका उपयोग करने की प्रक्रिया समझा रहे हैं।

पिछले महीने, कोलकाता मेट्रो ने डिजिटल लेन-देन के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया, जहां कुल लेन-देन का 30% से अधिक हिस्सा डिजिटल माध्यम से किया गया। यात्रियों से अनुरोध किया जाता है कि वे डिजिटल भुगतान अपनाएं और मेट्रो स्टेशन पहुंचने से पहले ही ऑनलाइन टिकट खरीद लें, ताकि बुकिंग काउंटरों पर लंबी कतारों से बचा जा सके, विशेषकर व्यस्त समय में।

गौरतलब है कि 26 जनवरी 2025 से इस ऐप में एक नया फीचर जोड़ा गया है, जिसके जरिए सभी उपयोगकर्ताओं को मेट्रो सेवाओं से जुड़ी नियमित सूचनाएं मिलती हैं। इनमें नई सेवाओं की शुरुआत, विशेष सेवाएं, सेवा की आवृत्ति में बदलाव और किसी भी प्रकार की सेवा बाधा जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल हैं।

## महिंद्रा ने सेवा उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए कोलकाता में किया अत्याधुनिक प्रशिक्षण इकाई का उद्घाटन

**कोलकाता :** महिंद्रा ने कोलकाता महानगर क्षेत्र के ऑटोमोटिव हब – ऑटोमॉल, न्यू टाउन, कोलकाता में अत्याधुनिक प्रशिक्षण इकाई के उद्घाटन के साथ सेवा उत्कृष्टता और तकनीकी प्रशिक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ किया है। 12,000 वर्ग फुट से अधिक के दायरे में फैला यह महिंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एक्सलेंस (माइल) महिंद्रा के चैनल भागीदारों, अंतर्राष्ट्रीय वितरकों और फ्लीट मालिकों की तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह प्रशिक्षण इकाई इलेक्ट्रिक वाहनों और अगली पीढ़ी की वाहन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई नवीनतम प्रगति सहित वाहन क्षेत्र की विकसित हो रही ज़रूरत को पूरा करने के लिए तैयार की गई है। यह इकाई आधुनिक सुविधाओं से लैस है।

## पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन ने वार्षिक खेल दिवस 2025 का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडबल्यूडबल्यूओ) द्वारा सोमवार को अरुणादया घोलेशापुर स्कूल में वार्षिक खेल दिवस 2025 का आयोजन किया गया। संगठन की अध्यक्ष सीमा देउस्कर के प्रेरणादायक नेतृत्व और कार्यकारी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से इसका आयोजन किया गया। इस खेल दिवस में नर्सरी से लेकर कक्षा 4 तक के 138 छात्रों ने 12 खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, जिसमें उत्साह और प्रतिस्पर्धा का जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला। इस कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए, सीमा देउस्कर ने खेलों के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया, ताकि उनका समग्र विकास हो सके। कार्यक्रम का समापन खाद्य पैकेटों के वितरण के साथ हुआ, जिससे युवा प्रतिभागियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह झलका। यह आयोजन सभी बच्चों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

## गोयनका दादी मंदिर कोलकाता धाम में फूलों की होली का कार्यक्रम हुआ संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोयनका दादी मंदिर कोलकाता धाम में श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति के तत्वावधान मे फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर गोयनका कुल देवी श्री श्री बीरां बरजी दादी का फूलों से अद्भुत श्रृंगार किया गया एवं दादी की ज्योति प्रज्वलित की गई तथा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दादी भक्तों ने अत्यंत उत्साह पूर्वक गजरा, चुनरी आदि से दादी को रिझाया तथा गेंदा, गुलाब एवं बेला के फूलों से दादी के साथ होली खेली, साथ में छप्पन भोग, सवामनी, फल आदि का भोग लगाया। गायक कमल गोयनका, पवन गोयनका (सोनू), निकिता शर्मा आदि ने अपने मधुर भजनों की सरिता प्रवाहित की। दादी की रसोई में सभी भक्तो ने दादी का प्रसाद तथा केसरिया ठंडाई का अत्यंत प्रसन्नतापूर्वक आनंद उठाया। इस अवसर पर गोविंद राम गोयनका, सज्जन गोयनका, ईश्वर प्रसाद गोयनका, विनोद गोयनका, विजय गोयनका (तेघोरिया), दीपक गोयनका, पवन गोयनका (लाड्र्स)-अध्यक्ष,



सुभाष चंद्र गोयनका- सचिव, कमल गोयनका-कोषाध्यक्ष, निर्मल गोयनका, पवन गोयनका (पंचवटी), राम रतन गोयनका, प्रमोद गोयनका, महेश गोयनका, विजय गोयनका, पवन गोयनका (सोनू), शिव रतन गोयनका, विपुल गोयनका, सूर्यकांत गोयनका, श्याम गोयनका, विवेक गोयनका ,शंकर लाल ढोकानिया, राजेंद्र गोयनका, शोभा गोयनका, गोयनका, मंजू गोयनका, तारा गोयनका, रेनू गोयनका(कांकुरगाछी) आशा गोयनका, कुसुम गोयनका, अंजू गोयनका, माया गोयनका, सीमा गोयनका, रेनू गोयनका,मोना गोयनका, पूजा गोयनका, शिखा गोयनका, रुपा गोयनका, प्रियंका गोयनका, वर्षा गोयनका, मेघा सराफ, सुनीता गोयनका आदि की उपस्थित उल्लेखनीय रही। इसके अलावा, गोयनका परिवार एवं मारवाड़ी समाज के विशिष्ट अतिथिगण तथा स्थानीय अधिकारियों की उपस्थिति से यह आयोजन अत्यंत उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। यह जानकारी श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति के प्रधान सचिव सुभाष चंद्र गोयनका ने दी।

## महाशिवरात्रि (26 फरवरी) को ब्लू लाइन में चलेगी 236 मेट्रो सेवाएं

**कोलकाता :** महाशिवरात्रि के अवसर पर 26 फरवरी 2025 (बुधवार) को कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन में कुल 236 सेवाएं (118 अप + 118 डाउन) संचालित की जाएंगी। इस दिन आमतौर पर चलने वाली 262 दैनिक सेवाओं की जगह यह सेवा उपलब्ध होगी।

**प्रथम मेट्रो सेवा:**

❑ सुबह 06:50 बजे नोआपाड़ा से कवी सुभाष (कोई बदलाव नहीं)

❑ सुबह 06:50 बजे कवी सुभाष से दक्षिणेश्वर (कोई बदलाव नहीं)

❑ सुबह 06:55 बजे दक्षिणेश्वर से कवी सुभाष (कोई बदलाव नहीं)

❑ सुबह 06:55 बजे महानायक उत्तम कुमार से दक्षिणेश्वर (कोई बदलाव नहीं)

**अंतिम मेट्रो सेवा:**

❑ रात 21:30 बजे कवी सुभाष से दक्षिणेश्वर (कोई बदलाव नहीं)

❑ रात 21:28 बजे दक्षिणेश्वर से कवी सुभाष (कोई बदलाव नहीं)



❑ रात 21:40 बजे कवी सुभाष से दमदम (कोई बदलाव नहीं)

इसके अलावा, ब्लू लाइन में विशेष रात्रिकालीन मेट्रो सेवाएं कवी सुभाष और दमदम स्टेशनों से रात 22:40 बजे निर्धारित समयानुसार उपलब्ध रहेंगी।

महाशिवरात्रि के दिन ग्रीन लाइन-1, ग्रीन लाइन-2, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन में सामान्य सेवाएं जारी रहेंगी।

## भागलपुर-जमालपुर-किउल सेक्शन में 02 लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण कार्य संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा लगातार लेवल क्रॉसिंग गेट्स को सबवे से बदलने के कोशिश के तहत भागलपुर-जमालपुर- किउल सेक्शन के मालदह डिवीजन में 02 लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह निर्माण कार्य नाथनगर और अकबरनगर के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 2ए तथा अकबरनगर और सुलतानगंज स्टेशन के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 07 के स्थान पर किया गया। इस कार्य के लिए केवल 6 घंटे का ब्लॉक लिया गया, जिससे रेल और सड़क यातायात दोनों के लिए आवागमन में सुगमता और सुरक्षा में वृद्धि हुई है। इस ब्लॉक अवधि के दौरान अन्य कई कार्य भी किए गए। जिसमें सुलतानगंज में लाइन संख्या 03 पर फुट ओवर ब्रिज का लॉन्च, सुलतानगंज और कल्याणपुर रोड के बीच 4 ट्रैक किमी के लिए रेलवे लाइन का डेस्टेरेसिंग, धनौरी और किउल के बीच अप लाइन पर 1.4 ट्रैक किमी के लिए कार्य और उरेन और धनौरी के बीच तथा अभयपुर और धरहरा के बीच 37 वैगन बालास्ट का अनलोडिंग जैसे कार्य किए गए।



# अलीपुर में ऑयल मिल पर अवैध कब्जे की कोशिश, मालिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई

## आरोप, 30-40 लोगों के एक समूह ने मिल में किया तोड़फोड़

कोलकाता, समाज्ञा

महानगर के अलीपुर रोड स्थित श्री बिष्णु ऑयल मिल के मालिक ने चेतला थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि एक बेलिफ (अदालती अधिकारी) ने अज्ञात लोगों के समूह के साथ मिल पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की। यह घटना सोमवार की दोपहर 12.30 बजे हुई।

शिकायत के अनुसार, बेलिफ ने मिल के मालिक विष्णु कुमार अग्रवाल से तुरंत जगह खाली करने और उसे सौंपने की मांग की। जब मालिक ने अदालत के आदेश की प्रति मांगी, तो बेलिफ ने कोई दस्तावेज दिखाने से इनकार कर दिया। बार-बार अनुरोध करने के बाद, उसने केवल इजेक्शन एक्जीक्यूशन केस नंबर 47/2007 का जिक्र किया लेकिन आदेश की प्रति देने से मना कर दिया। इस पर मिल के मालिक ने अपने वकील से संपर्क किया, जिन्होंने पुष्टि की कि यह मामला अंजली रॉय के खिलाफ था, और श्री बिष्णु ऑयल मिल का इस मुकदमे से कोई संबंध नहीं था। मालिक ने आरोप लगाया कि बेलिफ ने यूषा होल्डिंग एंड एनक्लेव प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर अवैध रूप से मिल पर कब्जा करने की साजिश रची। आरोप है कि 30-40 लोगों के एक समूह ने मिल में तोड़फोड़ करने के साथ-साथ वहां नकद, दस्तावेज समेत कई अन्य सामान अपने साथ ले गए। आरोप है कि इस मामले में कई पुलिस अधिकारी भी शामिल रहे। घटना के बाद कथित तौर पर पुलिस ने शिकायत दर्ज करने से इंकार कर दिया।

हालांकि, बाद में, उन्होंने शिकायत दर्ज की। अब पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या यह अवैध बेदखली का मामला है या फिर किसी कानूनी आदेश के तहत की गई कार्रवाई। साथ ही, घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ जांच कर रही है।

## अमेजन प्राइम ने 2024 में भारत में अब तक की सबसे तेज डिलीवरी स्पीड प्रदान की

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन प्राइम ने 2024 में भारत में अब तक की सबसे तेज डिलीवरी स्पीड प्रदान की है। इस साल, 41 करोड़ से अधिक सामान प्राइम सदस्यों को उसी दिन या अगले दिन डिलीवर किए गए, जो पिछले साल की तुलना में 26% अधिक हैं। इसके साथ ही, प्राइम सदस्यों ने औसतन 3300 रुपये की बचत की, जो कि वार्षिक सदस्यता शुल्क से दोगुनी है। अमेजन ने प्राइम सदस्यों के लिए तेज और मुफ्त डिलीवरी को और भी बेहतर किया है। 2024 में, 10 लाख से अधिक आइटम्स पर मुफ्त, अनलिमिटेड सेम-डे डिलीवरी और 40 लाख से ज्यादा आइटम्स पर नेक्स्ट-डे डिलीवरी उपलब्ध है।

## उड़ान प्लेटफार्म पर किराना कारोबार के बदलते रुझान, 2024 में नया कीर्तिमान

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के प्रमुख ई-बिजनेस-टू-बिजनेस प्लेटफार्म उड़ान ने 2024 में अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए किराना कारोबार में कई अहम बदलाव किए। इस वर्ष, उड़ान पर 2.45 अरब यूनिट्स से अधिक उत्पादों की डिलीवरी की गई, जबकि कुल डिलीवरी 7 लाख मीट्रिक टन से अधिक रही। प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों का विश्वास बढ़ा, जिससे रिपीट ऑर्डर की दर पिछले साल की तुलना में 1,000 बेसिस पॉइंट्स अधिक हो गई। एफएमसीजी कारोबार में 85% और प्राइवेट लेबल ब्रांड्स की बिक्री में 250% की वृद्धि देखी गई। इसके अलावा, उड़ान ने बेंगलुरु में इलेक्ट्रिक वाहन के जरिए अंतिम छोर तक डिलीवरी की पहल की, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान हुआ। उड़ान के सीईओ वैभव गुप्ता ने बताया कि 2024 में कंपनी ने अपनी सफलता की नई ऊंचाईयों को छुआ और भारतीय खुदरा विक्रेताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत की।

## मिनाखां में गृहिणी की हत्या के आरोप में पति, ससुर, सास समेत 5 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मिनाखां थाना अंतर्गत कुमारजुल इलाके में एक गृहिणी की गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में पति, ससुर, सास समेत 5 लोग गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार, गृहिणी के पिता के परिवार ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मृतका की पहचान चांदनी खातून के रूप में की गई है। उसका ससुराल मिनाखां के कुमारजोल इलाके में है और पिता का घर ओडिशा में है। बताया गया है कि गत 22 फरवरी की रात को एक गृहिणी की अप्रत्याशित मृत्यु हो गई। इसके बाद, महिला के पिता के परिवार ने ससुराल पक्ष के पांच सदस्यों के खिलाफ मिनाखां थाने में हत्या की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के 12 घंटे के भीतर 5 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को बशीरहाट पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें उनकी सात दिन की पुलिस हिरासत की मांग की गई।

# मंत्री फिरहाद हकीम के सहयोग से चांपदानी में हाई ड्रेन का काम हुआ शुरू

❑ **2 करोड़ 40 लाख की लागत से बन रही है हाई ड्रेन**
❑ **बड़ी आबादी को मिलेगा हाई ड्रेन का लाभ,**



**हुगली :** हुगली जिले के चांपदानी नगरपालिका क्षेत्र में हाई ड्रेन बनाने का काम द्रुत गति से शुरू हुआ है। हाई ड्रेन बनने से निकासी व्यवस्था दुरुस्त होगी। बरसात में जलजमाव की समस्या से भी निजात मिलेगा। इस विषय पर जानकारी देते हुए चांपदानी नगरपालिका के चेयरमैन सुरेश मिश्रा ने बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार में शहरी विकास और नगरपालिका मामलों के मंत्री फिरहाद हकीम के सहयोग से हाई ड्रेन का काम शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि दो ड्रेन की मंजूरी मिली है, एक हाई ड्रेन आठ नंबर वार्ड से शुरू होकर पांच नंबर वार्ड में खत्म होगी। इसको बनाने में कुल 2 करोड़ 40 लाख रूपये की लागत आएगी। दूसरी ड्रेन भद्रेश्वर स्टेशन से लेकर फूलबागान तक बनेगी। वार्ड नंबर 13 और 21 में भी अगले 5 से 6 महीनों में हाई ड्रेन का काम शुरू हो जायेगा। चांपदानी में यह पहली बार है कि हाई ड्रेन पूरी तरह से ढकी होगी। ताकि कोई भी इसमें गंदगी न फेंक पाए। कहा कि चांपदानी नगरपालिका का गठन सन 1917 में हुआ था तब यहां कि आबादी लगभग 50 हजार थी जो अब बढ़कर 1 लाख 40 हजार तक पहुंच गई है। लेकिन तब से जल निकासी व्यवस्था पुरानी पद्धति से चली आ रही है। चांपदानी में अधिकांश खाली जमीन पर घर बन गए लेकिन घर बनाने वालों ने निकासी के लिए जगह नहीं छोड़ी। जिसकी वजह से बरसात में जल जमाव एक गंभीर समस्या बनकर उभरी है। हाई ड्रेन बनने से चांपदानी की एक बड़ी आबादी बारिश के समय में लाभवंतित होगी।

वर्तमान में समस्या यह है कि आज भी लोग अपने घर बनाते समय नालियों के लिए 2 फुट जगह नहीं छोड़ते, जिसकी वजह से घनी आबादी वाले क्षेत्र में निकासी प्रभावित होती है। अगर निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं हुई तो जल जमाव की समस्या से जूझना ही पड़ेगा। इसलिए चांपदानी नगरपालिका के रहवासियों से उन्होंने आग्रह किया कि ड्रेन के लिए जगह छोड़कर ही घर बनाये।

❑ **डीवीसी खाल बना जी का जंजाल, पनप रहा डेंगू का लार्वा**

डीवीसी खाल का संस्कार नहीं होने के कारण वार्ड नंबर 13, 08, 09 और 10 के रहवासियों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ती है। डेंगू का लार्वा तेजी से पनप रहा है। खाल गंदगी से भर गई है। आलम यह कि पानी के बीचों-बीच कई जगह टापू बन गए हैं। जहां बच्चे जाकर क्रिकेट खेलते हैं। बच्चे भी संक्रामक बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं। इस डीवीसी खाल की समस्या को लेकर बीते वर्ष माध्यमिक की परीक्षा में प्रश्न पत्र भी आया था। इसके बावजूद इसका समाधान नहीं निकला। खाल में गंदगी की वजह से डेंगू का चरम प्रकोप है। खाल में गंदगी मिट्टी में तब्दील हो गई है। यह मामला सिंचाई विभाग के तहत पड़ता है। कई बार आश्वासन मिलने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं निकला। इसकी सफाई कराई जाए तो इसमें से निकलने वाली मिट्टी से सफाई का खर्च निकल जायेगा। इस खाल की सफाई 25 से 30 वर्ष पूर्व हुई थी, तब से अब तक सफाई नहीं हुई है। विभागीय उदासीनता का खामियाजा चांपदानी नगरपालिका के विस्तीर्ण वार्ड के लोगों को भुगतना पड़ता है।

## अभिषेक बनर्जी के आवास से 100 मीटर की दूरी पर मिले दो संदिग्ध बॉक्स

❑ **बम होने की आशंका से बम स्क्वाड मौके पर पहुंचे**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी के घर के बेहद करीब सोमवार को लावारिस हालत में दो बड़े संदिग्ध बॉक्स मिले। शुरुआत में, इसमें बम होने की आशंका जताई गई। बम की आशंका की वजह से महानगर में दोपहर से लेकर खासी हलचल भी रही। लावारिस बॉक्स के अंदर बम होने की आशंका को देखते हुए तेजी से जांच शुरू कर दी गई। अभिषेक के आवास की तरफ जाने वाले सड़कों को बंद कर दिया गया। लावारिस कार्टून बॉक्स के अंदर क्या रखा है, इसकी पड़ताल की गई। घटनास्थल पर डॉग स्क्वॉड भी पहुंचे। स्थानीय पुलिस थाने को इसके बारे में सूचना दी गई। बम की अफवाह फैलने पर बम निरोधक दस्ते को भी सूचित किया गया। इसके बाद, बम निरोधक दस्ते के कर्मचारी घटनास्थल पर गए और उन्होंने बॉक्स खोला। बॉक्स से बड़ी मात्रा में दवाएं बरामद की गईं। इस बीच, बम निरोधक दस्ते के पहुंचते ही इलाके में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

## हावड़ा के सांकराइल में व्यवसायी के घर हुई 70 लाख के गहने और नकद की चोरी



**हावड़ा :** हावड़ा के सांकराइल के एक व्यवसायी के घर में चोरी की एक घटना सामने आई है। जिसमें चोर अलमारी तोड़कर लगभग 70 लाख रुपये मूल्य के गहने और नकद लेकर फरार हो गए। इस घटना की जांच सांकराउल थाना की पुलिस और हावड़ा सिटी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, व्यवसायी मो. इमाम बकस अपने परिवार के साथ दो बेटों की शादी के लिए बिहार के सिवान गए थे और उन्होंने घर की देखभाल के लिए एक परिचित व्यक्ति को जिम्मेदारी दी थी। इमाम बकस 10 फरवरी को सिवान के लिए रवाना हुए थे, जहां शादी समारोह आयोजित किया गया था। घर की देखभाल का जिम्मा उन्होंने अपने पुराने परिचित और स्थानीय बुजुर्ग प्रवीर बाग को सौंपा था। जब इमाम बकस और उनका परिवार घर लौटे, तो उन्होंने पाया कि घर की सात आलमारियां तोड़ी गई थीं और चोरों ने खुलेआम लूटपाट करते हुए नकद और गहने चुरा लिए थे। इसके बाद तुरंत सांकराइल थाना को सूचना दी गई और पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस मामले की जांच जारी है।

## उधार के पैसे वापस मांगने गए फेरीवाले की पीटकर हत्या, शव को घर के छत पर छिपाया

### सोदपुर में हुई सनसनीखेज घटना में आरोपी युवक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** 2,500 रुपये के बकाया को लेकर हुए विवाद में एक फेरीवाले की हत्या का मामला सामने आया है। सोदपुर के सुखचर इलाके के बाजारपाड़ा में हुई इस हत्या से सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान अकरम अली के रूप में की गई है। कथित तौर पर, आरोपी ने फेरीवाले की पीट-पीटकर हत्या करने के बाद उसके शव को घर की छत पर छिपाकर रखा था। बाद में, जब घर से दुर्गंध फैली तो पड़ोसियों ने मामले की सूचना खड़दह थाने को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर लिया और युवक को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त का नाम चिराग गुहा है। बेटे की गिरफ्तारी के बाद मां कथित तौर पर घर से भाग गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कमरहट्टी निवासी अकरम अली सुखचर इलाके में टिन और लोहे के स्क्रैप बेचने का काम करता था। वह सुखचर निवासी चिराग गुहा से परिचित था। कुछ दिन पहले चिराग ने अकरम से ढाई हजार रुपए उधार लिए थे। रविवार की सुबह करीब फेरीवाला उस पैसे को मांगने के लिए चिराग के घर गया था। पैसे लौटाने की बजाय चिराग ने कथित तौर पर उस पर हमला कर दिया। चिराग पर अकरम को घर में जबरन घुसाकर पीटने और फिर गला घोंटकर उसकी निर्मम हत्या करने का आरोप लगा है। आरोप है कि हत्या के बाद फेरीवाले के शव को चिराग ने अपने घर के छत पर छिपा दिया। बाद में, पड़ोसियों को गंध आने पर संदेह हुआ। खड़दह पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जब पुलिस चिराग के घर पहुंची तो उन्हें दूसरी मंजिल की छत के एक कोने में एक बोरे में दबा हुआ शव मिला। उसका गला, उसका मुंह टेढ़ा था। शव बरामद करने के बाद पुलिस ने शुरू में अनुमान लगाया कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई है। पुलिस ने चिराग को गिरफ्तार कर लिया।

## शरत बोस रोड पर स्थित डेकोरेटर्स के गोदाम में लगी आग



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में फिर आगजनी की घटना घटी है। मिली जानकारी के अनुसार, गत रविवार की गेर रात शरत बोस रोड पर स्थित एक डेकोरेटर्स के गोदाम में आग लग गई। इस आगजनी में गोदाम में सब कुछ जलकर राख हो गया है। सूचना पाकर अग्निशमन दल घटनास्थल पर पहुंचा। बताया गया है कि रविवार की देर रात जब आग लगी तो सबसे पहले स्थानीय लोगों को इसका पता लगा। पूरा इलाका काले धुएं से ढक गया था। आग की खबर मिलते ही दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची। शुरुआत में दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका तो कुल 12 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। कुल एक घंटे की कशी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालाँकि, आग लगने का कारण अभी भी अज्ञात है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद सोमवार की सुबह इलाके में पुलिस तैनात कर दी गई है। गोदाम फिलहाल बंद है।

## बुजुर्ग ने पांचवीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शिवपुर मंदिरतला में एक बिल्डिंग के पांचवीं मंजिल से कूदकर एक बुजुर्ग ने आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम बैद्यनाथ पाल (92) है। वे हुगली के एक कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर रह चुके हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, बैद्यनाथ पाल कई दिनों से मानसिक अवसाद से जूढ रहे थे। इस कारण उन्होंने ऐसा कदम उठाया। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवार शाम करीब 5.30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि बैद्यनाथ एक कमरे में अकेले टीवी देख रहे थे और उनकी पत्नी दूसरे कमरे में थी। इसके बाद अचानक यह दुखद घटना घटित हो गई। घटना की खबर मिलते ही शिवपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## ममता जूनियर डॉक्टरों की चिंताओं को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही : दिलीप घोष

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता दिलीप घोष ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जूनियर डॉक्टरों की चिंताओं को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही हैं। दिलीप घोष ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में गड़बड़ी के बारे में, जो लोग दोषी हैं उन्हें कभी दंडित नहीं किया जाता है। यदि कोई समस्या है, तो कुछ डॉक्टरों को निलंबित कर दिया जाता है। जो डॉक्टर अनियमितताएं कर रहे हैं वे सुरक्षित हैं क्योंकि वे पार्टी से जुड़े हुए हैं। जूनियर डॉक्टर उनके प्रति व्यवहार के कारण विरोध करते रहते हैं। उनकी बात नहीं सुनी जाती है और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है।

## मंदिरबाजार में लापता व्यक्ति का शव खेत से बरामद, पुलिस ने दो लोगों को लिया हिरासत में

**कोलकाता, समाज्ञा :** जलसा देखने गया एक व्यक्ति लापता हो गया। सोमवार को उसका शव एक खेत से बरामद किया गया। मृतक की पहचान शहाजुद्दीन मल्लिक के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह सनसनीखेज घटना दक्षिण 24 परगना के मंदिरबाजार थाना अंतर्गत बिश्वेश्वरपुर इलाके में घटी। इस घटना में संलिप्तता के संदेह में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शहाजुद्दीन मल्लिक मगराहाट थाना अंतर्गत धनपोता ग्राम पंचायत क्षेत्र का निवासी था। गत रविवार को इलाके के एक मैदान में जलसा का आयोजन किया गया था। वह रात को जलसा देखने जाने की बात कहकर घर से निकला। यह ज्ञात नहीं है कि वह वहां गया था या नहीं। हालांकि, उसके परिवार के सदस्य उसे ढूंढ नहीं पाए। मोबाइल फोन से सम्पर्क नहीं हो सका। सोमवार की सुबह एक स्थानीय व्यक्ति उस इलाके में एक खेत पर काम करने गया था। उसने एक आदमी को खेत में मुंह के बल लेटा हुआ देखा। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद किया तो पता चला कि वह लापता शहाजुद्दीन मल्लिक का शव था। उसके शरीर पर धारदार हथियार के कई घाव थे। मृतक के परिवार का आरोप है कि सहारुल मोल्ला नाम का एक व्यक्ति हत्या में शामिल है। व्यापारिक कारणों से दोनों के बीच अक्सर टकराव होता रहता था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सहारुल मोल्ला और एक अन्य व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## एसटीएफ ने हसनाबाद में मछली फार्म से बरामद किया बंदूक, एक गिरफ्तार

### जीवनतला में बड़ी मात्रा में कारतूस और हथियार बरामदगी मामला



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के जीवनतला में बड़ी मात्रा में कारतूस और हथियार बरामदगी मामले की जांच कर रहे राज्य पुलिस की एसटीएफ ने उत्तर 24 परगना के हसनाबाद में छापेमारी की। वहां मछली फार्म से एक बंदूक बरामद की गई। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। बताया गया है कि गत रविवार की रात राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने हसनाबाद के मुरारीशाह ग्राम पंचायत इलाके में छापेमारी की। दरअसल, अब्दुल सलीम गाजी उर्फ बबलू नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार पूछताछ शुरू हुई। इसके बाद, जांचकर्ता उसे लेकर हथियार की तलाश में इलाके के एक मछली फार्म में तलाशी ली। वहां से एक डबल बैरल बंदूक बरामद की गई। उल्लेखनीय है कि जीवनतला हथियार मामले में बीबीडी बाग स्थित एक हथियार दुकान का नाम जुड़ा है। वहीं से कारतूस बाहर जाता था। जांच के आधार पर उस दुकान के कर्मचारी शांतनु सरकार को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान जांचकर्ताओं को पता चला कि शांतनु सरकार ने अब्दुल सलीम गाजी को हथियार बेचा था। इसके बाद, एसटीएफ गत रविवार की रात शांतनु और एक अन्य व्यक्ति को अपने साथ लेकर छापेमारी किया। अब तक इस जांच में तीन आग्नेयास्त्र बरामद किए गए हैं। इससे पहले 190 राउंड कारतूस बरामद किए गए थे। हसनाबाद के आदमी ने बंदूक क्यों ली? क्या वह भी इन हथियार डीलरों से जुड़ा हुआ है? जांचकर्ता उन मामलों की जांच कर रहे हैं।

## राणाघाट पुलिस ने फर्जी सिम मामले में 11 लोगों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी सिम मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों पर जाली दस्तावेज तैयार कर कई सिम कार्ड जारी करने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को राणाघाट पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड मामले में 7 थानों से 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दिन, पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। बताया गया है कि रविवार की रात राणाघाट पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया। फर्जी सिम कार्ड मामले में विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कल्याणी थाने से 3, हरिणघाटा थाने से 3, चकदह थाने से एक, राणाघाट थाने से एक, ताहेरपुर थाने से एक, शांतिपुर थाने से एक और धनतला थाने से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए सभी लोग मोबाइल फोन की दुकानों पर ग्राहकों से दस्तावेज लेकर विभिन्न फर्जी सिम कार्ड बनाकर अपना धंधा चला रहे थे। पुलिस को शिकायत मिली और फिर राणाघाट पुलिस जिले में गहन जांच शुरू की गई। पुलिस ने राणाघाट पुलिस जिले के 7 पुलिस थानों में विभिन्न जगहों पर छापेमारी की और कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि फर्जी सिम कार्ड के खिलाफ इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

## चिरेका का शानदार प्रदर्शन: सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ रेल इंजन उत्पादन कर रचा इतिहास




**चित्तरंजन :** भारतीय रेल के इतिहास में चिरेका के गौरवशाली 75 वर्ष और भारतीय रेलवे में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के 100 वर्ष के शानदार सफल यात्रा के उत्सव को यादगार बनाते हुए भारतीय रेलवे की अग्रणी इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव उत्पादन इकाई, चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) ने 600 रेल इंजनों का उत्पादन कर एक बार फिर अपनी कार्य कुशलता, समर्पण और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 का 600वां रेल इंजन डब्ल्यूएजी-9 ट्विन (ईएफ12के लोको नंबर 65060ए) को 24 फरवरी को चिरेका परिसर से रवाना किया गया। वित्त वर्ष 2024-25 के उच्च गुणवत्ता वाले 600वें इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का सफल उत्पादन करके भारतीय रेल की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए चिरेका ने अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण दिया है। चालू वित्तीय वर्ष का कार्यकाल पूरा होने में अभी 35 दिन शेष रह गए हैं। इस समय अवधि में उम्मीद है कि चिरेका उत्पादन का नया मानक स्थापित एक नया अध्याय रचेगा।

## उलूबेड़िया में दो बसों की टक्कर में दर्जनों घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के उलूबेड़िया थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-16 के कुलगछिया-श्रीरामपुर मार्ग पर यात्रियों से भरी दो बसों के बीच टक्कर होने से दर्जनों यात्री घायल हो गये। अधिकतर यात्रियों की चोटें गंभीर बतायी जा रही हैं। घटना की खबर पाकर मौके पर पुलिस पहुंची। सभी घायलों को उलूबेड़िया शरतचंद्र चट्टोपाध्याय मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद दोनों बसों के चालक मौके से भाग निकले। पुलिस ने दोनों बसों को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में एक बस नंदीग्राम से बारासात जा रही थी। कुलगछिया- श्रीरामपुर मार्ग के एक जगह पर चालक ने यात्रियों को उठाने के लिए बस को अचानक रोक दिया। इसी समय दीघा से हावड़ा आ रही एक बस पीछे से उस बस को धक्का मार दिया। धक्का इतना जबर्दस्त था कि हावड़ा गामी बस का सामने का हिस्सा और बारासात गामी बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। खबर पुलिस को दी गयी। एंबुलेंस की मदद से यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कदमतला में सड़क हादसे में महिला की मौत, दो घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले बेंटरा थाना अंतर्गत कदमतला इलाके में बाइक से धक्का लगने के बाद एक बड़े नाले में गिरने से महिला की मौत हो गयी। मृतका का नाम अर्चना दत्ता (58) है। वह डोमजूड़ के सलप की रहने वाली थीं। इस घटना में बाइक चालक और पीछे बैठा एक युवक भी बुरी तरह से घायल हुआ है। दोनों अस्पताल में भर्ती हैं। जानकारी के अनुसार, अर्चना कदमतला में अपने एक रिश्तेदार से मिलने आयी थीं। रविवार की रात करीब 10.30 बजे वह टोटो पकड़ने के लिए खड़ी थीं। उन्हें सलप जाना था। बताया जा रहा है कि इसी समय तेज गति से आ रही एक बाइक ने उन्हें धक्का मार दिया। बाइक पर स्थानीय युवक अभिजीत मंडल और उसका एक दोस्त बैठा था। धक्का मारने के बाद तीनों पास के एक नाले में जा गिरे। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अर्चना को मृत घोषित कर दिया।

## महानगर में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो महिलाओं की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**

सप्ताह के पहले कार्य दिवस सोमवार की सुबह कोलकाता में दो सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिसमें दो महिलाओं की मौत हो गई। ये दोनों दुर्घटनाएं बेलिंगटन इंटरसेक्शन और रवींद्र सदन एक्साइड इंटरसेक्शना पर हुई।

सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 7 बजे बेलिंगटन चौराहे पर एक स्कूल बस ने 60 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। उन्हें एसएसकेएम अस्प-ताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषिता कर दिया। स्कूल बस चालक वृद्ध महिला को टक्कर मारने के बाद भाग गया। हालांकि, बाद में, ड्राइवर को इंटाली पुलिस स्टेशन ने गिरफ्तार कर लिया। मृतक महिला का नाम शांति देवी है। एक अन्य दुर्घटना सुबह करीब 9 बजे रवींद्र सदन के पास एक्साइड चौराहे पर हुई। सूत्रों ने बताया कि पीटीएस जाने वाली सड़क पर एक सरकारी और निजी बस में टक्कर हो गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार, उस समय एक महिला सड़क पार कर रही थी। बस की टक्कर लगने से वह जमीन पर गिर पड़ी। वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। उन्हें बचाकर एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। सूत्रों के अनुसार, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पता चला है कि महिला का नाम रेशमी नंदी (45) है। उनका घर बारानगर में है। वह रोटरी हॉल में एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रही थी।

## बाली में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के बाली में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान सुकुर दास के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक पड़ोस ही रहता है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना वाले दिन नाबालिग घर में अकेली थी। इसी का फायदा उठाते हुए युवक घर में घुस गया। इसके बाद उसने कथित तौर पर नाबालिग को चाकू दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। नाबालिग ने अपनी परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस के पास शिकायत दर्ज करायी गयी। पुलिस ने शिकायत के आधाक पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# बंगाल के लोगों के हितों की रक्षा के लिए माकपा को मजबूत बनाना होगा : मो. सलीम

### माकपा नेता ने तृणमूल और भाजपा राज्य के लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने का लगाया आरोप



**हुगली, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने सोमवार को कहा कि राज्य के लोगों के हितों की रक्षा के लिए पार्टी को मजबूत बनाना होगा और साथ ही राज्य में वामपंथी ताकतों की अधिक एकता सुनिश्चित करनी होगी। माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि पार्टी राज्य में सार्वजनिक आवास, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे मुद्दों पर वैकल्पिक समाधान लेकर आएगी। इस दिन, उन्होंने डानकुनी में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के भविष्य की सुरक्षा के लिए माकपा को मजबूत बनाना होगा और वामपंथी ताकतों की अधिक एकता सुनिश्चित करनी होगी। पार्टी पोलित ब्यूरो के सदस्य सलीम ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस और भाजपा विरोधी सभी ताकतों को एकजुट होकर इनसे मुकाबला करना होगा। सलीम ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस और भाजपा पश्चिम बंगाल के लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि माकपा ऐसे प्रयासों का मुकाबला करने के लिए सड़कों पर उतरेगी।

❑ **राज्य सम्मेलन में वर्तमान चुनौतियों, जन समस्याओं, नौकरियों और शिक्षा पर विचार-विमर्श**

पार्टी के राज्य सम्मेलन में पिछले तीन दिनों में हुई चर्चाओं का ब्यौरा देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की राजनीति में वर्तमान चुनौतियों, जन समस्याओं, नौकरियों और शिक्षा पर विचार-विमर्श किया गया। सलीम ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और जनांदोलनों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पार्टी को नए सदस्यों की जरूरत है।

❑ **'पानागढ़ की घटना कानून-व्यवस्था की विफलता का उदाहरण'**

पश्चिम बर्दवान जिले में मनचलों से बचने की कोशिश करते समय हुई दुर्घटना में एक महिला की मौत पर दुख जताते हुए सलीम ने कहा कि यह राज्य में कानून-व्यवस्था की विफलता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह घटना राज्य में महिलाओं की सुरक्षा की कमी को दर्शाती है। सलीम ने कहा कि आरजीकर मेडिकल कॉलेज में दुष्कर्म-हत्या की घटना के बाद डॉक्टर एकजुट हो गए थे। माकपा ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली ध्वस्त हो गई है और आरजीकर की घटना ने यह दिखा दिया है। माकपा के राज्य सचिव ने दावा किया कि सरकारी अस्पतालों और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं में जाने वाले लोगों की संख्या का विश्लेषण बंगाल में राज्य द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की विफलता को दिखाएगा।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ PROPERTY ▪ RECRUITMENT
▪ EDUCATION ▪ NAME CHANGE ▪ PUBLIC NOTICE
▪ OBITUARY ▪ REMEMBRANCE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## न्यूज इन ब्रीफ

### पटना में आटोरिक्शा-ट्रक की टक्कर में सात लोगों की मौत

**पटना:** पटना जिले के मसौढ़ी इलाके में एक आटोरिक्शा और एक ट्रक के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मसौढ़ी-नौबतपुर मार्ग पर स्थित धनीचक मोड़ के पास एक ट्रक और ऑटोरिक्शा की टक्कर में सात लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान के मुताबिक़, नीतीश ने ईश्वर से शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### बलिया में सड़क हादसों में छात्रा समेत दो की मौत

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले में अलग-अलग हादसों में छठी कक्षा की एक छात्रा समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक पहली घटना में फेफना थाना क्षेत्र में मटिही गांव के पास 14 वर्षीय लड़की संजना भारती को सुबह करीब आठ बजे एक 'ट्रैक्टर-ट्रॉली' (मालवाहक गाड़ी) ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने विरोध में सड़क पर रास्ता जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों को शांत करने के लिए वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष (एसएचओ) अजय कृष्ण त्रिपाठी ने कहा, 'करीब तीन घंटे तक सड़क जाम चला, लेकिन हम आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने में कामयाब रहे और जाम खुलवाया।'

### कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई छह मार्च तक स्थगित

**सुलतानपुर (उप्र):** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में सुलतानपुर की विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने सोमवार को मामले की सुनवाई वादी के वकील द्वारा हाजिरी माफी की अर्जी दिये जाने के कारण आगामी छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि 11 फरवरी को सुनवाई की पिछली तारीख में शिकायतकर्ता से जिरह की गई थी। जिरह पूरी होने के बाद 24 फरवरी की तारीख तय की गई थी लेकिन चूंकि शिकायतकर्ता के वकील संतोष कुमार पांडे हाजिरी माफी मांगते हुए आज अदालत में पेश नहीं हुए इसलिए न्यायालय ने अगली सुनवाई की तारीख छह मार्च तय की है।

# देश में 'नजीर' बनी उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था : आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो (एन-सीआरबी) के आंकड़ों के हवाले से राज्य की कानून एवं व्यवस्था को देश में एक 'नजीर' बताते सोमवार को दावा किया कि प्रदेश में आपराधिक घटनाओं में खासी गिरावट आई है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान प्रदेश की कानून-व्यवस्था की तारीफ करते हुए कहा, ''आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश में एक नजीर (उदाहरण) बनी है। यह देश में एक मॉडल व्यवस्था बनी है। आज हर व्यक्ति इसकी चर्चा करता है।' उन्होंने राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, ''प्रदेश में डकैती की घटनाओं में 84.41 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसके अलावा लूट की घटनाओं में 77. 43 प्रतिशत की कमी आई है। हत्या की घटनाओं में 41. 01 प्रतिशत, बलवा की घटनाओं में 66.4 प्रतिशत व फिरौती के लिए अपहरण की घटनाओं में 54.72 प्रतिशत की कमी आई है। दहेज हत्या के मामलों में 17.08 प्रतिशत और बलात्कार की घटनाओं में 26.15 प्रतिशत की कमी आई है।' मुख्यमंत्री ने दावा करते हुए कहा, 'महिलाओं के प्रति अपराधों में संलिप्त अपराधियों को सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश देश में नंबर एक पर है। इस राज्य ने इन अपराधों के सर्वाधिक दोषियों को सजा दिलाने का काम किया है।'उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन कनविक्शन' के तहत सरकार द्वारा मजबूत पैरवी करके जुलाई 2023 से दिसंबर 2024 तक 51 अभियुक्तों को अदालतों से मौत की सज़ा दिलाई गई है जबकि 6287 अभियुक्तों को आजीवन कारावास, 1091 अभियुक्त को 20 वर्ष से अधिक का कारावास व 3867 अभियुक्तों को 10 से 19 वर्ष तक का कारावास दिलाया गया है।

### सपा ने किया आस्था से किया खिलवाड़, बनाया एक गैर-सनातनी को कुंभ मेले का प्रभारी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री के पास कुंभ की समीक्षा करने का समय नहीं था और एक गैर सनातनी को इसका प्रभारी बनाया गया था। विधानसभा में अपने संबोधन में आदित्यनाथ ने कहा, ''हमने आपकी (सपा) तरह आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं किया है। आपके समय में मुख्यमंत्री के पास आयोजन को देखने और समीक्षा करने का समय नहीं था, इसलिए उन्होंने एक गैर सनातनी को कुंभ का प्रभारी नियुक्त किया था।'

### महाकुंभ भगदड़: न्यायिक आयोग ने मेला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की

महाकुंभ नगर (उप्र) : महाकुंभ के तीसरे स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर 29 जनवरी को संगम नोज पर हुई भगदड़ की घटना की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग की टीम सोमवार को सुबह करीब 10 बजे यहां पहुंची और समीक्षा बैठक की। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने आयोग की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया, न्यायिक जांच आयोग की टीम सुबह करीब 10 बजे यहां पहुंची। यहां 'इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर' में आयोग के सदस्यों ने मेला के अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी विषयों एवं तथ्यों पर पड़ताल की। उन्होंने बताया, आयोग ने सभी संस्थाओं के साथ भी बातचीत शुरू की है और सभी अभिलेखों का परीक्षण आरंभ किया है। सदस्यों द्वारा मांगे गए सभी अभिलेख अधिकारियों द्वारा प्रदान किए जा रहे हैं।

## बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने लगाई संगम में डुबकी



**महाकुंभ नगर (उप्र):** विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम प्रयागराज महाकुंभ में आम श्रद्धालुओं के साथ ही बॉलीवुड और राजनीतिक क्षेत्र से लोगों का आना जारी है। सोमवार को बॉलीवुड अभिनेता अभिनेता अक्षय कुमार और अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने संगम में डुबकी लगाई। राजनीतिक क्षेत्र से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पर्यावरण मंत्री पंकजा गोपीनाथ मुंडे ने संगम में स्नान किया। इनके अलावा, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाई। संगम में स्नान के बाद अक्षय कुमार ने कहा, मैंने खूब आनंद लिया। इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बेहतरीन व्यवस्था करवाई। सोनाली बेंद्रे ने सपरिवार त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद कहा कि महाकुंभ में आकर उन्हें अपार शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ तथा इस दिव्य आयोजन में शामिल होकर भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिकता को और उन्होंने करीब से महसूस किया।

### काशी विश्वनाथ मंदिर में 25 से 27 फरवरी तक 'वीआईपी दर्शन' पर रोक

**वाराणसी (उप्र):** महाकुंभ के बाद वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ को देखते हुए 25 से 27 फरवरी तक 'वीआईपी दर्शन' (विशिष्ट लोगों के लिए दर्शन) की व्यवस्था पर रोक लगा दी गयी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि महाकुंभ में स्नान के बाद आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को होने के कारण देश के विभिन्न प्रान्तों से दर्शनार्थियों का हुजूम आने की सम्भावना है। इसे देखते हुए आगामी 25 से 27 तक मंदिर में 'वीआईपी दर्शन' पर रोक लगा दी गयी है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में विभिन्न अखाड़ों के साधु, संत और नागा साधु श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे।

### महाशिवरात्रि पर संभल में भी श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ने की संभावना, सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

**संभल (उप्र):** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में 46 साल बाद खुले खग्गू सराय के प्राचीन श्री कार्तिक महादेव मंदिर और जिले के अन्य मंदिरों में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ने की संभावना है, जिसके मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, हमने संभल में मंदिरों का निरीक्षण किया है। पिछले साल दिसंबर में 46 वर्ष बाद खुले कार्तिकेय महादेव मंदिर और कांवड़ियों की अपेक्षित आमद के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा भीड़ खग्गू सराय के कार्तिक महादेव मंदिर, वेरानी शिव मंदिर और सादात बड़ी शिव मंदिर में उमड़ने की संभावना है। व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं और टूटी सड़कों से जुड़ी शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान चलाए गए हैं, ड्यूटी लगाई गई है, सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और गश्त जारी है। आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन और अगली सुबह मेडिकल टीमें मौके पर तैनात रहेंगी। इसके अलावा, श्रद्धालुओं की किसी भी समस्या के समाधान के लिए एक सामान्य नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस की टीमें कांवड़ियों को उनके प्रवेश द्वार से निकास द्वार तक ले जाएंगी।

## जिन्हें मुस्लिम वोट मिले, वे दंगे नहीं रोक पाए: नीतीश कुमार



भागलपुर: बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को विपक्षी राजद-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनसे पहले सत्ता में रहे लोगों ने 'मुसलमानों के वोट तो म'' लेकिन वे सांप्रदायिक झड़पों को रोकने में विफल रहे। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष कुमार ने यह टिप्पणी एक समारोह में की, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह समारोह भागलपुर में आयोजित किया गया था, जिसे संयोग से बिहार में सबसे भीषण सांप्रदायिक दंगों के लिए याद किया जाता है। यह दंगा 1989 में हुआ था, जिसमें करीब 1,000 लोगों की जान चली गई थी। नीतीश कुमार ने कहा, ''हमलोग यहां 24 नवंबर 2005 को सरकार में आये। हमलोगों की सरकार बनी थी, तब से हमलोग बिहार के विकास में लगे हुए हैं और सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'जब हमलोग पहली बार सरकार में आये थे तो उस समय क्या स्थिति थी?

## प्रयागराज हवाई अड्डा यातायात में अचानक बढ़ोतरी से जूझ रहा,यात्रियों का रिकॉर्ड बनाया

**प्रयागराज:** प्रयागराज एक छोटा हवाई अड्डा है जिसका उपयोग मामूली हवाई यातायात और सीमित संख्या में यात्रियों को संभालने के लिए किया जाता रहा है, लेकिन फिलहाल यहां से अमीर और मशहूर लोगों के लिए प्रतिदिन औसतन लगभग 40 ऐसे विशेष और निजी विमानों का संचालन किया जा रहा है जिनकी उड़ान पहले से निर्धारित नहीं होती हैं और सप्ताहांत के दिनों में ऐसे विमानों की संख्या 70 तक पहुंच जाती है। महाकुंभ के लिए उमड़ रही लोगों की भीड़ को इसका श्रेय देना होगा। इस महाकुंभ को सदी का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन बताया जा रहा है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये आंकड़े पहले से निर्धारित औसतन 148 वाणिज्यिक यात्री विमानों से परे हैं, जो कुंभ के नहीं होने की अवधि के दौरान की संख्या के सात गुना से भी अधिक हैं। ये विमान हर दिन हवाई पट्टी से उड़ान भरने के साथ ही इस हवाई अड्डे के माध्यम से यात्रियों की आवाजाही का रिकॉर्ड बना रहे हैं। यह रिकॉर्ड महाकुंभ की शुरुआत के बाद से बार-बार टूटता रहा है।

## न्यूज अपडेट

### चुनाव के प्रबंधन के लिए निर्देश जारी करने बिहार आ रहे हैं प्रधानमंत्री: तेजस्वी




**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस साल के अंत में होने वाले (बिहार) विधानसभा चुनाव के प्रभावी 'प्रबंधन' के वास्ते 'निर्देश' जारी करने के इरादे से बिहार आ रहे हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने दावा किया कि उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद भविष्यवाणी की थी कि प्रधानमंत्री अब बिहार के लिए प्रमुख होंगे। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री राज्य की बेरोजगारी और गरीबी की समस्याओं के किसी भी समाधान के साथ यहां नहीं आ रहे हैं। बिहार 20 साल तक राजग शासन में रहने के बावजूद देश में सबसे पिछड़ा राज्य बना हुआ है।' यादव ने कहा, ''मैंने दिल्ली विधानसभा के परिणाम के बाद ही कहा था कि अब प्रधानमंत्री और उनके शीर्ष सहयोगियों के आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा क्योंकि यह एकमात्र राज्य है जहां इस वर्ष चुनाव होने हैं। मोदी चुनाव के मद्देनजर कुछ निर्देश जारी करने के लिए भागलपुर आ रहे हैं।'

### स्कूल फीस न चुकाने के कारण परीक्षा प्रवेश पत्र न मिलने पर एक छात्र ने की आत्महत्या

**प्रतापगढ़ :** प्रतापगढ़ जिले में स्कूल फीस न चुका पाने के कारण परीक्षा का प्रवेश पत्र नहीं मिलने पर 12वीं कक्षा के एक छात्र ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि यह घटना रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात जेठवारा थाना क्षेत्र के अखौ नौबस्ता गांव में हुई। छात्र के पिता की शिकायत पर स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी क्षेत्र) संजय राय ने बताया, ''अखौ नौबस्ता निवासी राजेंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनका बेटा शिवम सिंह (18) साधुरी शिरोमणि इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट का छात्र था। उनकी आर्थिक तंगी के कारण वह अपनी फीस नहीं जमा कर पा रहा था। उनका बेटा बोर्ड परीक्षा के लिए अपना प्रवेश पत्र लेने गया था, लेकिन कॉलेज प्रबंधन ने बकाया फीस चुकाए बिना प्रवेश पत्र देने से इनकार कर दिया और उसे भगा दिया। इससे परेशान होकर शिवम ने उसी रात आत्महत्या कर ली।'' राय ने कहा, ''शिकायत के आधार पर साधुरी शिरोमणि इंटर कॉलेज के प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### राजस्थान : विधानसभा में मंत्री की टिप्पणी को लेकर गतिरोध जारी, सदन की कार्यवाही चौथी बार स्थगित



**जयपुर:** राजस्थान विधानसभा में सोमवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ टिप्पणी और छह विपक्षी कांग्रेस विधायकों को निलंबित करने के मुद्दे पर बार-बार कार्यवाही बाधित हुई और बैठक चौथी बार स्थगित की गई। विधानसभा में तीन बार स्थगन के बाद संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और अन्य नेताओं ने मुद्दे को सुलझाने के लिए विपक्षी कांग्रेस विधायकों के साथ बैठक की, जिसमें गतिरोध समाप्त करने के लिए आम सहमति बनी। इस सहमति के बावजूद गतिरोध जारी रहा क्योंकि कांग्रेस विधायक और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के सदन में दिए गए जवाब से संतुष्ट नहीं थे। पटेल ने कहा कि डोटासरा को सदन में अपने आचरण के लिए माफी मांगनी चाहिए, लेकिन डोटासरा ने कहा कि वह मंत्री अविनाश गहलोत के माफी मांगने के बाद ही सदन में माफी मांगेंगे। डोटासरा के जवाब पर असहमति जताते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को चौथी बार आधे घंटे के लिए स्थगित कर दिया।

समाज्ञा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

25.02.2025 : भौम प्रदोष व्रत
26.02.2025 : महाशिवरात्रि व्रत
27.02.2025 : श्राद्ध की अमावस्या
01.03.2025 : रामकृष्ण परमहंस जयंती
03.03.2025 : गणेश चतुर्थी व्रत

## आखिर क्यों चढ़ाया जाता है महादेव को बेलपत्र और जल ?

भोलेनाथ को प्रसन्न और उनकी विशेष कृपा पाने के लिए महाशिवरात्रि का दिन सबसे खास है। मान्यता है कि इस तिथि पर महादेव की पूजा-अर्चना करने से साधक के सभी दुखों का अंत होता है और उसके मन से डर भय भी समाप्त होते हैं। धार्मिक ग्रंथों में महाशिवरात्रि को शिव और पार्वती के मिलन का दिन कहा जाता है, इसलिए यह पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए अधिक महत्वपूर्ण है। कहते हैं महाशिवरात्रि के पर्व पर भोलेनाथ और देवी पार्वती की उपासना से वैवाहिक जीवन सुखमय बनता है और रिश्तों में भी मधुरता बनी रहती है। इस दौरान योग्य वर प्राप्ति के लिए कन्याएं भी निर्जला व्रत रखती हैं। इस साल 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि है। इस तिथि पर श्रवण नक्षत्र और परिध योग बन रहा है। इस योग में भोलेनाथ को बेलपत्र और जल चढ़ाने से वह प्रसन्न होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि महादेव को बेलपत्र और जल क्यों चढ़ाया जाता है? अगर नहीं तो आइए जानते हैं।

### महाशिवरात्रि पूजा मुहूर्त

ब्रह्म मुहूर्त- 26 फरवरी को प्रात: काल में 05:17 से लेकर 06:05 मिनट तक

रात्रि प्रथम प्रहर पूजा समय - शाम 06:29 से रात 09 बजकर 34 मिनट तक

रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा समय - रात 09:34 से 27 फरवरी सुबह 12 बजकर 39 मिनट तक

रात्रि तृतीय प्रहर पूजा समय - 27 फरवरी को रात 12:39 से सुबह 03 बजकर 45 मिनट तक

रात्रि चतुर्थ प्रहर पूजा समय - 27 फरवरी को सुबह 03:45 से 06 बजकर 50 मिनट तक

### शिवलिंग पर जल चढ़ाने का मंत्र

**मन्दाकिन्यास्तु यद्वारि सर्वपापहरं शुभम् ।
तदिदं कल्पितं देव स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम् ।।
श्रीभगवते साम्बशिवाय नमः। स्नानीयं जलं समर्पयामि।**

### इसलिए चढ़ाया जाता है भोलेनाथ को जल और बेलपत्र



महाशिवरात्रि की पूजा में हमेशा भोलेनाथ को बेलपत्र अर्पित किया जाता है। कहते हैं कि समुद्र मंथन के समय कालकूट नाम का विष निकला था। इस विष के प्रभाव से सभी देवता और जीव-जंतु व्याकुल होने लगे थे। इसके बाद पूरी सृष्टि की सुरक्षा के लिए सभी देवताओं और असुरों ने महाकाल की उपासना की और उनसे सुरक्षा की प्रार्थना की। मान्यता है कि देवताओं और असुरों की प्रार्थना के बाद भगवान शिव ने इस विष को अपनी हथेली पर रखकर ग्रहण कर किया था और विष के प्रभाव से बचने के लिए भोलेनाथ ने अपने कंठ में ही विष को रखा था। विष के प्रभाव से महादेव का मस्तिष्क गरम हो गया। इस दौरान शंकर जी के मस्तिष्क की गरमी खत्म करने के लिए सभी ने उनपर जल उड़ेलना शुरू कर दिया। इसके साथ ही ठंडी तासीर होने के कारण उन्हें बेलपत्र भी चढ़ाया गया। तभी से भोलेनाथ को जल और बेलपत्र चढ़ाने की परंपरा मानी जाती है। कहते हैं कि यदि सच्चे भाव और प्रेम से महाकाल को बेलपत्र और जल अर्पित किया जाए, तो जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

## शनिदेव को तेल चढ़ाने की सही विधि



ज्योतिष शास्त्र में शनि देव को न्याय, कर्म और दंड के अधिपति के रूप में जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि मनुष्य के गलत कार्यों से शनिदेव अप्रसन्न हो जाते हैं, जिससे उसे साढ़ेसाती और ढैय्या जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है। वहीं यदि व्यक्ति अच्छे कर्म करता है, तो उसे शनि देव की कृपा प्राप्त होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शनिवार को सूर्यास्त के बाद शनि देव की पूजा करने से उनकी विशेष कृपा मिलती है। इस दिन शनि देव को सरसों का तेल अर्पित करना और पीपल के वृक्ष के नीचे दीप जलाने की परंपरा है।

### शनि देव को तेल चढ़ाने के नियम

शनि देव की पूजा करते समय नियमों का विशेष रूप से ध्यान रखने की आवश्यकता होती है। इस दौरान आपकी जरा सी गलती आप पर भारी पड़ सकती है। इसलिए कहा जाता है कि शनि देव को केवल लोहे के पात्र से ही तेल अर्पित करना चाहिए।

अर्पित करने के लिए सरसों या तिल के तेल का ही उपयोग करें, क्योंकि माना जाता है कि जब शनि देव को कष्ट हुआ था, तब हनुमान जी ने उन्हें यही तेल लगाया था। ध्यान रहे कि तेल चढ़ाते समय दृष्टि केवल उनके चरणों पर रखें, क्योंकि शनि देव की आंखों में देखने से बचना चाहिए।

पूजा के दौरान मन में किसी भी प्रकार का संदेह या नकारात्मक विचार न रखें। साथ ही पवित्रता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। तेल अर्पित करते समय ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः मंत्र का जाप करना शुभ माना जाता है।

### शनि देव को तेल चढ़ाने का महत्व

ऐसी मान्यता है कि शनिवार को शनि देव पर सरसों या काले तिल का तेल चढ़ाने से जीवन के संकट दूर होते हैं। इसके अलावा यह साढ़ेसाती और ढैय्या के प्रभाव को कम करने में सहायक होता है। जो व्यक्ति नियमित रूप से शनि देव की पूजा करता है, उसे सफलता, समृद्धि और शनि देव का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## कब है फाल्गुन अमावस्या ? जानें तिथि और स्नान दान का शुभ मुहूर्त

फाल्गुन कृष्ण पक्ष की अमावस्या को फाल्गुनी अमावस्या के नाम से जाना जाता है। शास्त्रों में इस अमावस्या को विशेष महत्व दिया गया है, क्योंकि इसके एक दिन पहले देवों के देव महादेव का महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया जाता है। इस दिन की पवित्रता और शुभता के कारण गंगा स्नान और दान-पुण्य करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। फाल्गुन अमावस्या के अवसर पर कई धार्मिक तीर्थों पर बड़े मेलों का आयोजन भी किया जाता है। आइए, जानते हैं फाल्गुन मास की अमावस्या की तिथि और स्नान-दान के मुहूर्त के बारे में।

**फाल्गुन अमावस्या 2025 तिथि**



फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि आरंभ: 27 फरवरी, प्रातः 8: 54 मिनट पर

फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि समाप्त: 28 फरवरी, प्रातः 6:14 मिनट पर

फाल्गुन अमावस्या 27 फरवरी को मनाई जाएगी।

**फाल्गुन अमावस्या शुभ मुहूर्त**

**ब्रह्म मुहूर्त:** प्रातः 05 :09 मिनट से प्रातः 05: 58 मिनट तक

**गोधूलि मुहूर्त:** सायं 06: 07 मिनट से सायं 6: 42 मिनट तक

**निशिता मुहूर्त:** 28 फरवरी,रात्रि 12:0 8 मिनट से देर रात 12:58 मिनट तक

**स्नान दान का शुभ मुहूर्त**

**ब्रह्म मुहूर्त:** प्रातः 05 :09 मिनट से प्रातः 05: 58 मिनट तक

**अभिजीत मुहूर्त:** दोपहर 12:11 मिनट से दोपहर 12:57 मिनट तक

स्नान और दान के लिए ये दोनों मुहूर्त अत्यंत शुभ माने जाते हैं। इसके अलावा, अमावस्या के पूरे दिन स्नान और दान किया जा सकता है।

## भौम प्रदोष व्रत के दिन गलती से भी न करें ये काम

प्रदोष व्रत की महिमा का उल्लेख शिवपुराण में मिलता है। यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए किया जाता है। कहा जाता है कि यदि किसी की कोई इच्छा पूरी नहीं हो रही है, तो उन्हें इस व्रत का पालन अवश्य करना चाहिए। इस व्रत के माध्यम से सभी की मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन की समस्याओं से भी मुक्ति मिलती है।

जब प्रदोष व्रत मंगलवार को आता है, तो इसे भौम प्रदोष व्रत कहा जाता है। भौम प्रदोष व्रत के दिन कुछ कार्यों को करने से मना किया गया है। आइए जानते हैं कि इस दिन किन कार्यों से बचना चाहिए।

### भौम प्रदोष व्रत 2025

फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि आरंभ: 25 फरवरी, दोपहर 12:47 बजे से

फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि समाप्त: 26 फरवरी, प्रातः 11:08 बजे पर

प्रदोष व्रत 25 फरवरी को मनाया जाएगा, जो कि मंगलवार के दिन पड़ रहा है। इसलिए इसे भौम प्रदोष व्रत कहा जाता है।

### प्रदोष व्रत पूजा मुहूर्त

शुभ चौघड़िया मुहूर्त: 25 फरवरी , दोपहर, 3: 26 मिनट से- सायं 4: 52 मिनट तक।

लाभ चौघड़िया मुहूर्त: 25 फरवरी , सायं, 7: 52 मिनट से- रात्रि 9: 26 मिनट तक।

### गलती से भी न करें ये काम

- भौम प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव की पूजा करते समय तुलसी का पत्ता न चढ़ाएं।
- इस दिन नीले रंग के कपड़े न पहनें।
- तामसिक भोजन और शराब का सेवन न करें।
- किसी का अपमान न करें और अपशब्दों का प्रयोग न करें।
- व्रत रखने वाले इस दिन बाल और नाखून न काटें।

### भौम प्रदोष व्रत पर कर सकते हैं ये काम

- भौम प्रदोष व्रत के दिन प्रातः स्नान करें।
- भगवान शिव की आराधना प्रदोष काल में ही करें।
- शिव जी के 108 नामों का जप करें।
- फलाहारी व्रत का पालन करें।

# एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का समापन

## रेल मंत्री ने लगातार इनोवेशन करते रहने पर दिया बल



- प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड समेत अन्य अवॉर्ड हुए वितरित
- वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल के लिए भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास के बीच सहयोग
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समापन समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े
- यह अवॉर्ड भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को दर्शाता हैः रेल मंत्री

**नई दिल्ली :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर आईआईटी मद्रास के निदेशक श्री वी. कामकोटी रेल भवन में उपस्थित रहे। सभी का स्वागत करते हुए उन्होंने प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। रेल मंत्री ने सभी प्रतिभागियों एवं इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि देश को इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ाना है। इसी कारण आज हम शिक्षा संस्थानों के साथ मिलकर कार्य कर पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह सम्मानित की गई टीम अविष्कार का हिस्सा रहे हैं।

इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को बेस्ट डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड, डेमोंस्ट्रेशन ऑफ ब्रेकिंग और ट्रैक्शन सिस्टम, तथा बेस्ट इन सब-सिस्टम (मैकेनिकल) जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह न केवल उनकी मेहनत और नवाचार को प्रमाणित करता है, बल्कि भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को भी दर्शाता है। उनकी यह उपलब्धि देश को भविष्य की परिवहन क्रांति की ओर तेज़ी से ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आईआईटी मद्रास द्वारा हासिल की गई 5ऋ तकनीकी में सफलता स्थापित के साथ और भारत दुनिया में सबसे तेज़ 5ऋ रोलआउट कर रहा है। इसी क्रम में, भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास मिलकर वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल पर कार्य करेंगे, जिसे भारतीय रेल द्वारा फंड किया जाएगा। यह यात्रा के साधनों में आधुनिक और इनोवेटिव बदलावों को बढ़ावा देने में बेहद अहम कदम साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ श्री सतीश कुमार भी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। भारत की पहली हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक 422 मीटर लंबी है, जो आईआईटी मद्रास, चेन्नई में स्थित है। यह भारतीय रेल और शिक्षा क्षेत्र के बीच मजबूत साझेदारी को दर्शाता है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर रेलवे इनोवेशन और अत्याधुनिक यात्रा तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### रेलवे अगले वित्त वर्ष में 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लेगाः अश्विनी वैष्णव



**भोपाल :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि रेलवे अगले वित्त वर्ष में 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लेगा । उन्होंने कहा कि रेलवे नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग भी तेजी से बढ़ा रहा है। मध्यप्रदेश के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद मध्यप्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन (जीआईएस) 2025 को ऑनलाइन संबोधित करते हुए रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने 2030 तक रेलवे को शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अब तक रेलवे का 97 प्रतिशत से अधिक विद्युतीकरण हासिल किया जा चुका है और वित्त वर्ष 2025-26 तक यह 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लेगा। मंत्री ने नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली प्राप्त करने के बारे में कहा कि अब तक रेलवे को आपूर्ति करने के लिए 1,500 मेगावाट क्षमता पहले ही तय की जा चुकी है।उन्होंने कहा, ''मध्यप्रदेश के साथ आज हस्ताक्षरित 170 मेगावाट बिजली खरीद समझौता (पीपीए) इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ः एनआईए ने स्थानीय भाजपा नेता की हत्या की जांच के लिए छह ठिकानों पर तलाशी ली

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भाजपा नेता बिरजू राम ताराम की हत्या की जांच के सिलसिले में सोमवार को छत्तीसगढ़ में भाकपा (माओवादी) से जुड़े संदिग्धों के छह ठिकानों पर तलाशी ली। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि महाराष्ट्र की सीमा से लगे राज्य के जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में छह स्थानों पर एनआईए के दलों ने व्यापक तलाशी ली, जिसमें संदिग्धों के परिसरों से मोबाइल फोन, लैपटॉप, प्रिंटर, हार्ड डिस्क, मेमोरी कार्ड और पेन ड्राइव के साथ-साथ अन्य आपत्तिजनक सामग्री/दस्तावेज जब्त किए गए। इसमें कहा गया है कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन भाकपा (माओवादी) के समर्थकों और उससे जुड़े लोगों (ओजीडब्ल्यू) के आवासीय परिसरों की तलाशी ली गई।

### भारत में इस्लामिक खिलाफत स्थापित करने के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को तमिलनाडु के एक व्यक्ति के खिलाफ भारत में युवाओं के अंदर कट्टरता पैदा करने और इस्लामिक खिलाफत स्थापित करने की दिशा में काम करने के मामले में आरोपपत्र दायर किया गया है। एक आधिकारिक वक्तव्य में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि एनआईए विशेष अदालत, पूनामल्ली, चेन्नई में अजीज अहमद उर्फ जलील अजीज अहमद के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। एनआईए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह मामला प्रतिबंधित हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) आतंकवादी संगठन द्वारा भारत विरोधी विचारधारा का प्रचार करने और देश में उसके संस्थापक तकी अल-दीन अल-नभानी के विधान को लागू करने की आपराधिक साजिश से संबंधित है। एनआईए की जांच के अनुसार अजीज उस षड्यंत्र का हिस्सा था जिसमें संगठन की गुप्त कक्षाओं में युवाओं की भर्ती की गई और उन्हें कट्टर बनाया गया।

### देश की आम भाषा हो सकती है हिंदी, द्रमुक संकीर्ण राजनीति कर रहीः विहिप

**नयी दिल्ली :** तमिल भारत की 'राष्ट्रीय भाषाओं' में से एक है, लेकिन केवल हिंदी ही देश में समन्वय की आम भाषा के रूप में काम कर सकती है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सोमवार को यह बात कही। उसने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक से कहा कि वह इस बात को अस्वीकार करके राज्य को देश की प्रगति की मुख्यधारा से अलग न करे। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की टिप्पणी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत निर्धारित स्कूली शिक्षा के लिए तीन-भाषा फॉर्मूले को लेकर चल रहे विवाद की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक ने केंद्र पर नीति के कार्यान्वयन पर जोर देकर राज्य पर हिंदी थोपने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। विहिप के संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने संस्कृत को लेकर नियमित रूप से आपत्ति जताने के लिए भी द्रमुक की आलोचना की और कहा कि पार्टी ''वोट बैंक के पीछे अंधी हो गई है'' लेकिन वह तमिलनाडु को ''हिंदी और संस्कृत से अलग करके'' उसकी जड़ों से नहीं काट सकती।

# तेलंगाना सुरंग हादसाः बचाव कार्य जारी, फंसे आठ लोगों के जीवित बचे होने की उम्मीद कम



**हैदराबाद :** तेलंगाना के नगरकुरनूल जिले में शनिवार की सुबह श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) परियोजना की सुरंग का एक हिस्सा ढहने के बाद से वहां फंसे आठ लोगों के बचने की संभावना अब कम ही दिखाई देती है, हालांकि इन कर्मियों तक पहुंचने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय सेना, नौसेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य एजेंसियों के अथक प्रयासों के बावजूद बचाव अभियान में अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सेना, नौसेना, सिंगरेनी कोलियरीज और अन्य एजेंसियों के 584 कुशल कर्मियों की एक टीम ने केंद्रीय और राज्य आपदा मोचन टीम के साथ मिलकर सात बार सुरंग का निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि धातु की छड़ को काटने के लिए 'गैस कटर' लगातार काम कर रहे हैं। सुरंग के अंदर लोगों का पता लगाने के लिए खोजी कुत्तों को भी लाया गया, लेकिन पानी की मौजूदगी के कारण वे आगे नहीं बढ़ पाए। इस घटना को लेकर राजनीतिक विवाद भी खड़ा हो गया है। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर निशाना साधते हुए कहा कि विधान परिषद के चुनाव प्रचार में सक्रिय रूप से भाग ले रहे मुख्यमंत्री के पास दुर्घटनास्थल पर जाने का समय नहीं है।

# महाराष्ट्र साइबर प्रकोष्ठ ने रणवीर इलाहाबादिया से करीब पांच घंटे तक पूछताछ की



**मुंबई :** महाराष्ट्र साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो विवाद के सिलसिले में यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और आशीष चंचलानी से सोमवार को करीब पांच घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले इलाहाबादिया और चंचलानी नवी मुंबई स्थित साइबर मुख्यालय में अलग-अलग पेश हुए। हालांकि वे एजेंसी द्वारा पूर्व में जारी समन पर पेश नहीं हुए थे। महाराष्ट्र साइबर और मुंबई पुलिस समय रैना के यूट्यूब शो पर इलाहाबादिया की विवादास्पद टिप्पणी की जांच कर रही है, जिसके कारण अश्लीलता फैलाने का मामला दर्ज किया गया है। शो, 'इंडियाज गॉट लैटेंट', तब चर्चा में आया जब इलाहाबादिया ने भद्दी टिप्पणियां कीं, जिसकी व्यापक निंदा हुई। एक अधिकारी ने विस्तृत जानकारी दिए बिना बताया कि इलाहाबादिया और चंचलानी पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे साइबर मुख्यालय में उपस्थित हुए, जिसके बाद उनके बयान दर्ज किए गए। मीडिया की नजरों से बचने के लिए इलाहाबादिया ने चेहरे पर काला मास्क पहना हुआ था और वह शाम करीब पांच बजे मुख्यालय से निकलते हुए देखे गए। वह एक निजी टैक्सी में सवार होकर चले गए, जबकि चंचलानी एक घंटे बाद अपनी कार से रवाना हुए। शो से जुड़े 50 से ज़्यादा लोगों को महाराष्ट्र साइबर प्रकोष्ठ ने तलब किया है, जिनमें अतिथि, निर्णायक, सोशल मीडिया से मशहूर हुए लोग और कॉमेडियन शामिल हैं। जांच में इलाहाबादिया के खिलाफ अश्लीलता के आरोप शामिल हैं, जिन्हें 'बीयर बाइसेप्स' के नाम से भी जाना जाता है।

# सोमवार को महाकुंभ में स्नानार्थियों का आंकड़ा 63 करोड़ के पार पहुंचा



**महाकुंभ नगर (उप्र) :** आस्था के सबसे बड़े समागम प्रयागराज महाकुंभ में देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का आगमन सोमवार को भी जारी रहा और 1.30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के संगम में स्नान के साथ स्नानार्थियों की संख्या 63 करोड़ को पार कर गई। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को शाम आठ बजे तक 1.30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई । इस तरह 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुंभ में अभी तक 63.36 करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया है। प्रयागराज के जिलाधिकारी रवींद्र मांदड़ ने महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियों के बारे में 'पीटीआई-वीडियो' को बताया, महाशिवरात्रि को लेकर हमारी पूरी तैयारी है। सभी शिवालयों में स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां की गई हैं। उन्होंने बताया, सभी स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं को सकुशल स्नान कराने की तैयारी है। अभी तक 63 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा और संगम में स्नान कर चुके हैं। सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, 26 फरवरी को शिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक गंगा और संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 65 करोड़ से भी ऊपर पहुंच सकती है। महाकुंभ में 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, नेपाल से 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर चुके हैं। अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक करीब आठ करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को दो-दो करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर भी दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया।

### महाकुंभ में 15,000 स्वच्छता कर्मियों ने एक साथ झाड़ू लगाया



महाकुंभ में 15,000 स्वच्छता कर्मियों ने सोमवार को एक साथ झाड़ू लगाकर गिनीज बुक में रिकॉर्ड दर्ज कराने का प्रयास किया। सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, सोमवार को मेला क्षेत्र के 4 जोन में एक साथ 15,000 स्वच्छता कर्मियों ने सफाई कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया। इस अवसर पर प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी, महाकुंभ की विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राणा और 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' की पर्यवेक्षक टीम उपस्थित थी। बयान के मुताबिक, इस प्रयास की अंतिम रिपोर्ट 3 दिन बाद जारी की जाएगी। 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' संस्था की ओर से मुख्य पर्यवेक्षक एवं निर्णायक ऋषि नाथ अपनी टीम के साथ लंदन के मुख्यालय से प्रयागराज आये हैं। साथ ही पूरी प्रक्रिया का अवलोकन का कार्य नीरज प्रकाश एंड एसोसिएट चार्टेड एकाउंटेंट फर्म कर रही है। स्वच्छताकर्मियों की संख्या की गणना उनके हाथ में लगाये गये स्कैन कोड युक्त बैंड को स्कैन करके की गई है। वर्ष 2019 में प्रयागराज में आयोजित कुंभ में 10,000 स्वच्छता कर्मियों ने एक साथ झाड़ू लगाकर 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया था। वहीं इस वर्ष महाकुंभ में एक साथ 15,000 स्वच्छता कर्मी एक साथ झाड़ू लगा कर नया कीर्तिमान बनाने जा रहे हैं। गंगा सेवादूत और सेक्टर मजिस्ट्रेट के मार्गदर्शन में सेक्टर-2 के हेलीपैड, सलोरी नागवासुकी क्षेत्र, अरैल और झूंसी में 4-4 हजार स्वच्छता कर्मियों ने प्रक्रिया में भागीदारी की। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि महाकुंभ में बन रहा स्वच्छता का यह विश्व रिकॉर्ड, प्रयागराज से पूरे विश्व को स्वच्छता महासंदेश दे रहा है।

# संभल में जामा मस्जिद के पास कुआं सार्वजनिक भूमि पर स्थित हैः उप्र सरकार ने न्यायालय से कहा

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया है कि संभल में मुगलकालीन जामा मस्जिद के पास विवादित ''निजी कुआं'' सार्वजनिक भूमि पर स्थित है। शीर्ष अदालत के 10 जनवरी के निर्देश के बाद प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ के समक्ष स्थिति रिपोर्ट दायर की गई। रिपोर्ट में कहा गया है, ''याचिकाकर्ता एक सार्वजनिक कुएं पर निजी अधिकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। यह कुआं उन 19 कुओं का हिस्सा है, जिन्हें जिला प्रशासन द्वारा वर्षा जल संचयन, जल पुनर्भरण और सभी समुदायों के उपयोग के लिए पुनर्जीवित किया जा रहा है।'' इसमें कहा गया है कि स्थानीय रूप से 'धरणी वराह कूप' के नाम से जाना जाने वाला कुआं विवादित धार्मिक स्थल के अंदर नहीं, बल्कि उसके निकट स्थित है तथा इसका मस्जिद से कोई संबंध नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया, ''यहां तक कि विवादित धार्मिक स्थल भी सार्वजनिक भूमि पर स्थित है। यह प्रस्तुत किया जाता है कि कुआं एक सार्वजनिक कुआं है और मस्जिद/विवादित धार्मिक स्थल के अंदर कहीं भी स्थित नहीं है।

# भारत के प्रति शत्रुता की भावना से अस्थिर हुआ पाकिस्तान : अनुराग ठाकुर



**जम्मू :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि भारत ने कभी भी पाकिस्तान के प्रति दुर्भावना नहीं रखी लेकिन पड़ोसी देश ने नयी दिल्ली के प्रति शत्रुता की अपनी भावना से खुद को अस्थिर कर लिया है। ठाकुर ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) की फंडिंग को लेकर चल रहे विवाद के बारे में दावा किया कि भारत में मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि ने उन लोगों को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया है जो भारत में लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए विदेशी ताकतों के साथ मिलकर साजिश कर रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा,''सीमा पर गोलीबारी के लिए पाकिस्तान को अतीत की तरह मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। यदि पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतें बंद नहीं करता है, तो हमारी सेनाएं जानती हैं कि उसे कैसे जवाब देना है, जैसा कि उन्होंने अतीत में किया है।'' उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान ने भारत को अस्थिर करने की कोशिश में खुद को अस्थिर कर लिया है। कोई नहीं चाहता कि उसका पड़ोसी देश विफल राष्ट्र बने, हमने कभी उसका बुरा नहीं चाहा लेकिन जिसने बुरी नजर रखी वो बर्बाद हो गया।'' उन्होंने रविवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की जीत का भी जिक्र किया।

# वर्ष 2020-21 से केदारनाथ मंदिर की आमदनी दोगुनी से ज्यादा हुई

**देहरादून :** चढ़ावे, दान और श्रद्धालुओं को दी गयी विभिन्न सेवाओं से केदारनाथ मंदिर की आय 2021 से दोगुनी से भी अधिक हो गयी है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत एक आवेदन पर यह जानकारी सामने आयी है। उत्तर प्रदेश के नोएडा के आरटीआई कार्यकर्ता अमित गुप्ता द्वारा आरटीआई कानून के तहत मांगी गयी जानकारी के जवाब में श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ने बताया कि 2020-21 में केदारनाथ मंदिर की आय 22.04 करोड़ रुपये थी जो 2023-24 में बढ़कर 52.9 करोड़ रुपये हो गयी। इसका विस्तृत विवरण देते हुए मंदिर समिति ने बताया कि गढ़वाल हिमालय में स्थित बाबा केदार के मंदिर की आय 2021-22 में कोविड-19 के दौरान घटकर 16.52 करोड़ रुपये रह गयी लेकिन उसके अगले साल 2022-23 में यह बढ़कर 29.67 करोड़ रुपये और 2023-24 में 52.9 करोड़ रुपये हो गयी। वर्ष 2020-21 से 2023-24 की अवधि में मंदिर की आय में बढ़ोत्तरी 2.3 गुना है । कोविड महामारी के मद्देनजर 2021 में श्रद्धालुओं के लिए मंदिर को देरी से खोले जाने, आरटी-पीसीआर परीक्षण रिपोर्ट को अनिवार्य किए जाने, मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की दैनिक संख्या को सीमित किए जाने, मास्क पहनने और सामाजिक-दूरी बनाए रखने के मानदंडों के अनुपालन के कारण काफी कम संख्या में तीर्थयात्री मंदिर के दर्शन के लिए पहुंचे।

# प्रधानमंत्री मोदी गुवाहाटी में झुमइर नृत्य समारोह में शामिल हुए



**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को असम की अपनी दो दिवसीय यात्रा की शुरुआत भव्य झुमइर नृत्य प्रदर्शन देखने के साथ की, जिसमें लगभग 9,000 नर्तक और ढोल वादक शामिल हुए। असम सरकार द्वारा इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में असम के चाय उद्योग के 200 वर्ष पूरे होने और चाय जनजाति समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाया गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर और लगभग 60 देशों के मिशन प्रमुखों ने भी 'झुमइर बिनंदिनी' कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें पूर्वोत्तर राज्य की जीवंत परंपराओं को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने चाय के साथ असम के गहरे जुड़ाव को स्वीकार किया और चाय बेचने वाले के रूप में अपने अतीत का जिक्र किया। मोदी ने कहा, ''चाय की खुशबू और गुणवत्ता को चायवाले से बेहतर कौन समझ सकता है?'' मोदी ने यह भी कहा कि पूर्वोत्तर को उनके रूप में सर्वश्रेष्ठ ब्रांड एंबेसडर मिल गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''आज विभिन्न देशों के 60 से अधिक राजदूत असम को महसूस कर सकेंगे। वे चाय का स्वाद अपने साथ ले जाएंगे।'' नृत्य प्रदर्शन शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री ने एक विशेष वाहन से स्टेडियम के अंदर का चक्कर लगाया और कलाकारों तथा दर्शकों का अभिवादन किया। झुमइर प्रदर्शन के बाद राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक 'थीम' पर एक 'लेजर शो' का आयोजन किया गया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने असम व्यापार शिखर सम्मेलन से पहले प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को असम में शुरू होने वाले एक बड़े व्यापार शिखर सम्मेलन (बिजनस समिट) से एक दिन पहले असम की पारंपरिक ताकत और उसकी भावी क्षमताओं को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में मोदी ने कई स्टॉल पर पहुंचे और प्रतिनिधियों तथा प्रतिभागियों से बातचीत की। 'असम एडवांटेज 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन 2025' से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शनी का एक प्रमुख आकर्षण मेजबान राज्य को प्रदर्शित करना होगा जिसके केंद्र में इसकी पारंपरिक ताकत और भावी क्षमता होगी।

# हम ऐसा जम्मू-कश्मीर चाहते हैं जहां आतंकवाद के कारण किसी की जान न जाएः अमित शाह



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में शांति है और यह शांति स्थायी होनी चाहिए तथा नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का लक्ष्य ऐसा जम्मू कश्मीर बनाना है जहां आतंकवाद के कारण किसी की जान नहीं जाए। वतन को जानो युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय राजधानी आए जम्मू-कश्मीर के युवाओं से बातचीत में शाह ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को किसी भी अन्य राज्य के लोगों की तरह पूरे देश पर समान अधिकार हैं और पूरा भारत केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को प्यार और सम्मान की नजर से देखता है। उन्होंने कहा कि जब आतंकवाद खत्म हो जाएगा तो पुलिस की तैनाती की जरूरत नहीं होगी और वह दिन दूर नहीं है। शाह ने कहा, ''जब शांति होगी तो पुलिस की जरूरत नहीं होगी। यह संदेश आपको अपने दोस्तों, परिवार और गांवों तक ले जाना होगा...जब आप घर जाएं तो अपने दोस्तों, पड़ोसियों को बताएं कि पूरा देश शांति से रह रहा है और जम्मू-कश्मीर के लोगों को भी शांति से रहना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति है और यह शांति स्थायी होनी चाहिए तथा ''हमारा लक्ष्य ऐसा जम्मू-कश्मीर बनाना है जहां आतंकवाद के कारण किसी की जान न जाए।'' गृह मंत्री ने कहा, ''हिंसा से कुछ हासिल नहीं होता। जम्मू-कश्मीर में दशकों से चल रहे आतंकवाद के कारण 36,000 लोगों की जान चली गई।'' शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद 370 को हटाकर देश को सभी के लिए बराबर बना दिया है और अब जम्मू-कश्मीर के लोगों को भारत में कहीं भी समान अधिकार प्राप्त हैं, जैसे दिल्ली, राजस्थान, गुजरात या राजस्थान के लोगों को हैं। उन्होंने कहा, ''जम्मू-कश्मीर पर आपका अधिकार है। क्या यह अच्छा नहीं है कि देश के अन्य 29 राज्यों पर भी आपका समान अधिकार हो? जम्मू-कश्मीर की तरह पूरा देश आपका है।''

